राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक
हिन्दी समाचार पत्र
# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267
आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ▶ अंगूर का अधिक सेवन करने से...



आरोप लगाना और भाग जाना, विपक्ष ... ◀ 11

गाजियाबाद, बुधवार 26 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 356, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब नीति 2024 पर कैग रिपोर्ट पेश की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आबकारी नीति 2024 पर कैग रिपोर्ट पेश की। एलजी के अभिभाषण के बाद सदन में शराब नीति पर कैग रिपोर्ट पेश हुई। दिल्ली सरकार की ओर से कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश की गई । रिपोर्ट में बताया गया है कि आम आदमी पार्टी सरकार की गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। नई दिल्ली में राजनीतिक उठा-पटक लगातार जारी है। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को सदन के दूसरे दिन दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया और बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो को कई दफ्तरों से हटाए जाने का विरोध किया।




# एलजी के अभिभाषण के बीच किया हंगामा, स्पीकर ने आतिशी सहित सभी आप विधायकों को किया निष्कासित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा की मंगलवार की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही आप के विधायक हंगामा करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने आतिशी सहित सभी आप विधायकों को दिनभर के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। निष्कासित किए गए विधायकों में आतिशी के अलावा वीरेंद्र काद्यान्न, कुलदीप, गोपाल राय, जरनैल सिंह, संजीव झा, अनिल झा, विशेष रवि, सोमदत्त और वीर सिंह धींगन शामिल हैं। एलजी ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार 5 प्रमुख चीजों पर काम करेगी जिसमें यमुना, प्रदूषण, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितकरण शामिल है। उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बीजेपी विधायक 'मोदी-मोदीइ के नारे लगाते नजर आए। उधर सदन से निकाले गए ्क्क विधायक हाथ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते नजर आए। मीडिया से बात करते हुए आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने सीएम ऑफिस और मंत्रियों के कार्यालयों से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगा दी है।

उन्होंने कहा, 'मैं भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहती हूं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी बाबा साहेब से बड़े हो गए हैं? इसी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया और हम सदन से लेकर सड़क तक प्रदर्शन करते रहेंगे, जब तक बाबा साहेब की तस्वीर उनकी जगह नहीं लगा दी जाती।






# लालू, तेजस्वी और बाकी नामजद आरोपियों को समन जारी, लैंड फॉर जॉब केस में 11 मार्च को पेश होने के आदेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू यादव को झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को तलब किया है। सभी को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया गया है। स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने के बाद आदेश पारित किया। सीबीआई ने मामले में 30 सरकारी कर्मचारियों सहित कुल 78 लोगों को नामजद किया है। इसमें भोला यादव, प्रेम चंद गुप्ता को तलब किया गया है। कोर्ट ने कहा कि आरोप है कि प्रेम चंद गुप्ता, लालू यादव के सहयोगी के तौर पर काम करते थे। यह मामला पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से उनके परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं।

# 17 महीने बाद हरदोई जेल से बाहर आये अब्दुल्ला



**हरदोई।** समाजवादी पार्टी के नेता अब्दुल्ला आजम खान 17 महीने की कैद के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश की हरदोई जेल से रिहा हो गए। उनकी रिहाई के वक्त जेल के बाहर पार्टी नेताओं और समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। सफेद कुर्ता-पायजामा और गहरे रंग की बनियान पहने अब्दुल्ला को दोपहर के समय सुरक्षाकर्मियों ने बाहर निकाला। अब्दुल्ला खान, जो पहले रामपुर के स्वार विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं, आजम खान के बेटे हैं, जो कि वर्तमान में जेल में बंद सपा के दिग्गज नेता हैं। हालांकि अब्दुल्ला ने मीडिया से बात नहीं की, लेकिन उनके वकील सतनाम सिंह नट्टू ने उनकी रिहाई के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "जैसा कि पूरा देश जानता है, मोहम्मद आजम खान और उनके परिवार को सताया गया और जेल में रखा गया। आज हम अब्दुल्ला भाई की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ईश्वर, अल्लाह, वाहेगुरु का शुक्रिया अदा करते हैं। वह आखिरकार आज रिहा होकर घर लौटेंगे।" एमपी/एमएलए स्पेशल मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट के जज शोभित बंसल ने हाल ही में 2020 में दर्ज संपत्ति से जुड़े एक मामले में अब्दुल्ला आजम खान को जमानत दे दी है। पिछले कुछ समय में उनके खिलाफ 45 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से एक मशीन चोरी से जुड़ा मामला भी है। सोमवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट ने हरदोई जेल को रिहाई का आदेश भेजा, जिससे अब्दुल्ला की रिहाई आसान हो गई। रिहाई के दौरान हरदोई जेल में मौजूद मुरादाबाद की सांसद और सपा नेता रुचि वीरा ने न्याय व्यवस्था में अपना भरोसा जताया। उन्होंने कहा, "हमें न्यायपालिका पर पहले भी भरोसा था और अब भी है। न्याय मिला है और हम इसके लिए आभारी हैं।" अब्दुल्ला के पिता आजम खान पर कई आरोप लगे हैं और वे सीतापुर जेल में बंद हैं। पिछले कुछ समय से परिवार की कानूनी लड़ाई जारी है।

**महाकुंभ** साल 2025 के इस महापर्व में दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचे


# सास के साथ महाकुंभ में कैटरीना ने लगाई डुबकी



**मुंबई (आरएनएस)।** महाकुंभ अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इस भव्य पर्व के केवल दो दिन शेष हैं। साल 2025 के इस महापर्व में दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचे और इसके दिव्य अनुभव का आनंद लिया। 144 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले इस दुर्लभ महाकुंभ में बॉलीवुड सितारों की भी भारी मौजूदगी देखने को मिली। देशी और विदेशी सितारे इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और आस्था की पावन डुबकी लगाई। सोमवार को अक्षय कुमार के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी महाकुंभ का अनुभव लेने पहुंचीं। इस दौरान उनकी सास भी उनके साथ थीं। कैटरीना ने यहां पहुंचने के बाद विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और अपने अनुभव को साझा किया।

**कैटरीना कैफ ने साझा किया आध्यात्मिक अनुभव**

कैटरीना कैफ ने प्रयागराज में अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत की और परमार्थ निकेतन आश्रम में स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने इस अनुभव के प्रति अपनी खुशी और कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद वे संगम में अपनी सास के साथ स्नान करती और पूजा-अर्चना में लीन होती नजर आईं। इस दौरान कैटरीना ने पहले एक गुलाबी सूट पहना था, लेकिन स्नान के लिए उन्होंने पीले वस्त्र धारण किए, जबकि उनकी सास नीले रंग के सूट में दिखाई दीं। कैटरीना ने पूरे मन से अपनी सास के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, जिससे दोनों के बीच के गहरे रिश्ते की झलक मिली। उनकी इस श्रद्धा और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान को देखकर लोग सोशल मीडिया पर जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कैटरीना ने भारतीय संस्कृति को पूरी तरह से अपना लिया है। एक अन्य यूजर ने लिखा, वह अपनी सास का कितना ख्याल रखती हैं! वहीं, एक और व्यक्ति ने कहा, हर किसी को कैटरीना जैसी बहू मिलनी चाहिए।



# हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कावड़ियो पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया: भारद्वाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**औरंगाबाद (वसीम खॉन)।** थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज व एसपी ऋजुल कुमार और एसआई दानिश रजा खॉन एस एस आई मुनेंद्र कुमार ने हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया जहां आज मंगलवार को औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज व एसआई दानिश रजा खॉन ने अपने सभी पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर थाने के सामने जल लेकर आ रहे कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। कांवड़ियों का जनपद में हर्सोल्लास के साथ स्वागत करने के लिए बुलन्दशहर एसपी ऋजुल कुमार एवं थाना प्रभारी औरंगाबाद नितीश भारद्वाज द्वारा अपने सभी पुलिसकर्मियों के साथ थाने के सामने हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। जहां एक तरफ अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान तो चलाते ही है साथ ही सामाजिक जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज व एसएसआई मुनेंद्र कुमार अनके पुलिस कर्मियों के द्वारा शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा करते हुए उन्हें फल फ्रूट खिलाकर मान्यता भरे काम को अंजाम दिया जा रहा है भोले की सेवा करने का कार्य सड़क पर शिविर लगाकर और राय चलते हुए की जा रही है औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज व अपनी पुलिस टीम के द्वारा किए गए इस मान्यता के कार्य की लोग काफी सराहनीय कर रहे हैं तथा पानी फल फ्रूट आदि भी वितरित किए गए। कांवड़ यात्रा को सम्पन्न कराये जाने के लिए की गई व्यवस्थाओं में स्थानीय लोगों द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और साथ ही गंगा जमुना तहजीब के साथ ही जनपद में आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोगो के द्वारा भी कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर एवं खाने पीने की वस्तु देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज एसपी ऋजुल कुमार एसआई दानिश रजा खॉन ने अपील करते हुए कहा कि इस पावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आमजन भी सहयोग करें उन्होंने कहा कि हमारे देश की गंगा जमुना तहजीब के उदाहरण मिलते हैं जिनमे हिन्दू-मुस्लिम भाई चारा एक दूसरे के त्यौहार को बड़े ही खुशनुमा वातावरण में मनाते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण कांवड़ यात्रा है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा के साथ ही उनकी सेवा कर रहे है

# जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में भमरा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करने पर शोएब मेवाती ने विजेता टीम को 11,000 रुपये नकद व ट्रॉफी से सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गुलावठी ।** जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में भमरा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने जबरदस्त ऊर्जा और टीम वर्क का परिचय दिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि और पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शोएब मेवाती ने विजेता टीम को 11,000 रुपये नकद इनाम और भव्य ट्रॉफी से सम्मानित किया। वहीं, उपविजेता गुलावठी की टीम ने भी शानदार खेल दिखाया, जिसे शोएब भैया की ओर से 5,100 रुपये की इनाम राशि और ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। इस खास मौके पर समाज के कई प्रतिष्ठित लोग और खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अफजाल आढ़ती साहब, अफसर मेवाती (पूर्व ग्राम प्रधान जीरावठी), रिजवान मेवाती, नदीम मुकद्दम, अश्जद भाई, उमैर आब्दी और टूर्नामेंट कमेटी से राशिद भाई, इकराम भाई, मासूम, दिलशाद भाई, आमिर भाई सहित कई सम्मानित व्यक्ति शामिल हुए।

शोएब मेवाती ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों का समर्थन करने का आश्वासन दिया। इस आयोजन ने खेल प्रेमियों में जोश और उत्साह भर दिया, और सभी ने इस तरह के टूर्नामेंट को आगे भी आयोजित करने की अपील की।

# बच्चे टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करना सीखें : रेनू चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** चौधरी वेदराम स्कूल में पैरेंट्स ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया जिसमे अभिभावको एवं बच्चों को स्कूल में नए सत्र के पाठ्यक्रम के बारे मैं बताया गया । नया पाठ्यक्रम आधुनिक तकनीक एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित है स्कूल में बच्चों के लिए रोबोटिक्स A R , A I, 3 D के माध्यम से, जुम्बा योगा शारीरिक प्रशिक्षण लड़कियों के लिए स्वयं सुरक्षा जो की समय की माँग है, निरंतर प्रयास करता रहता है। इसके लिए विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती राखी नागर जी हमेशा नई एवं एडवांस सुविधाये उपलब्ध कराने का प्रयास करती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सविता अग्रवाल ने सभी पैरेंट्स का स्वागत अभिनंदन किया एवं विद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया पैरेंट्स ओरिएंटेशन के दौरान सिल्वरजोन फाउंडेशन के नर्सरी जेकेजी एवं एसकेजी कक्षा के 16 Gold Medal विजेताओं एवं किक बॉक्सिंग आगरा में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के 8 Gold & silver Medal विजेताओं को सम्मानित किया गया । पुरस्कृत विजेता शिवांश सैनी, दिगांश, शौर्य, अभय, त्रिशव , अयान, मोहम्मद , रौनक, भविष्य आदि मौजूद रहे। अभिभावको मैं मिष्टी अवनि, ध्रुव, शिवांश सैनी, शिवांश शर्मा, आदि बच्चों के अभिभावकों के साथ अन्य बच्चों के अभिभावक गण , करण कंबोज, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# महाशिवरात्रि पर 60 हजार से ज्यादा कांवड़िए पहुंचे, नगर पालिका ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका द्वारा कांवड़ियों का विशेष स्वागत किया गया, जिसमें पालिका कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। तीन दिवसीय कांवड़ मेले में अब तक 60,000 से अधिक कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने गांवों की ओर रवाना हो चुके हैं। कांवड़ियों के 'बोल बम' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है।

शिवचौक पर पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गोयल ने ईओ गार्गी त्यागी, जेई अलका कुमारी और प्रकाश निरीक्षक राजकिशोर के साथ कांवड़ियों का स्वागत किया। नगर पालिका और श्री गंगा सेवा समिति ने कांवड़ियों के लिए ठहरने की जगह, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा, रोशनी, पेयजल और भंडारे जैसी विशेष व्यवस्थाएं की हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए 60 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और स्थानीय लोग भी कांवड़ियों की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कांवड़िए बबस्टरगंज गंगातट से जल लेकर अपने गृह नगर की ओर जा रहे हैं, और प्रशासन को और अधिक कांवड़ियों के आने की उम्मीद है।

## डीएम व एसएसपी ने अनूपशहर गंगा घाट का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अनूपशहर।** कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्रुति शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अनूपशहर गंगा घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और घाट पर स्थापित किए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों को कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था की भी जानकारी ली और कहा कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

# एचपीडीए बोर्ड बैठक : हरिपुर आवास योजना विकसित करने पर प्रमुखता से की चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बोर्ड बैठक में 22 प्रस्ताव रखे गये थे,18 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी**



**हापुड़/मेरठ।** गत सोमवार को मेरठ कमिश्नरी के सभागार कक्ष हापुड पिलखुवा विकास प्राधिकरण की 72वीं बोर्ड बैठक एचपीडीए अध्यक्ष व मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जनपद के विकास से सम्बंधित 22 प्रस्ताव रखे गये। जिसमें से सर्वसम्मति से 18 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गयी।

हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ ने बताया कि बोर्ड बैठक में 22 प्रस्ताव जिसमें बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नई शहरी प्रोत्साहन योजन के तहत हरिपुर आवासीय योजना विकसित करने, अमृत-2 योजना के तहत हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण की गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट महायोजना 2031 तैयार किये जाने हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को एजेंसी नामित करने, हापुड़ महायोजना 2031 जोनल प्लान तैयार कराने,हापुड़ महायोजना 2031 में दर्शित आवासीय भू उपयोग से कृषि भू उपयोग में परिवर्तित करने,आनन्द विहार योजना में अर्दनिर्मित 64 एचआईजी एवं 152 एमआईजी भवनों के ठेकेदारों का भुगतान करने आदि सहित 22 प्रस्ताव रखे गये। जिसमें से 18 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किये गये। जबकि भू उपयोग परिवर्तित से सम्बंधित चार प्रस्तावों को आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा,प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता, नामित सदस्य मुनेश त्यागी, अशोक पायल,महेश अग्रवाल, नगर पालिका परिषद चेयरमैन पुष्पा देवी,पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल आदि मौजूद रहे।

# बेटी की शादी को जमा किए जेवर चोरों ने उड़ाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर के गुलावठी में रिटायर्ड फौजी के घर से 15 लाख के गहने और नकदी चोरी**



**गुलावठी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहाना गांव में चोरों ने एक रिटायर्ड फौजी के घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर से करीब 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। घटना प्रशांत यादव के घर की है। वे सेना में सर्विस कर रहे हैं और उनके पिता फौज से रिटायर हैं। प्रशांत अपने परिवार के साथ रात को सो रहे थे। सुबह जागने पर देखा कि घर के एक दरवाजे का चैनल लॉक और संदूक के ताले टूटे हुए थे।चोरों ने घर से 1.27 लाख रुपए नकद के अलावा कीमती जेवरात चुरा लिए। इनमें 4 सोने की चैन, 10 अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, 2 कंठी, 2 जोड़ी झुमके, 2 कुंडल, 4 सोने के कड़े और 4 जोड़ी पायजेब शामिल हैं।परिवार ने बताया कि ये सारे जेवरात बेटी की शादी के लिए जमा किए गए थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जेवरात बरामद करने और चोरों को पकड़ने की मांग की है।

# डीएम श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रामघाट गंगा घाट का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर



थाना रामघाट क्षेत्रान्तर्गत गंगा घाट से विभिन्न जनपदों के कांवडियों के द्वारा जल भरकर ले जाया जाता है। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने रामघाट गंगा घाट का निरीक्षण करते हुए कांवडियों के जल भरकर ले जाने हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। गंगा घाट से कांवडियों के द्वारा शांतिपूर्वक जल भरकर एवं कांवड़ लेकर अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जा रहा है। जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित जनों द्वारा कांवडियों पर पुष्प वर्षा की गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का विशेष शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का विशेष शिविर का आयोजन 24.02.2025 से 02.03.2025 तक ग्राम बहलीमपुरा एवं पन्नीनगर में किया जा रहा है, जिसके द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र की शुरूआत माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल ने की। मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 वसुन्धरा सक्सेना उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्वयंसेविकाओ को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय दिवस की थीम स्वच्छता ही सेवा पर आधारित थी जिसका प्रारम्भ स्वयंसेविकाओं ने शिविर प्रांगण की साफ-सफाई तथा लक्ष्य गीत गाकर की।

प्रथम सत्र में जनस्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। द्वितीय सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने शिविर प्रांगण की साफ-सफाई की इसके अतिरिक्त पूर्व में रोपित पौधों की देखभाल करते हुए गुणाई एवं सिंचाई का कार्य किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने छात्राओं को इस शिविर से अच्छी आदतों का निर्माण एवं समाज सेवा में योगदान देने का संदेश दिया।

# एसएसपी ने शिव मन्दिर व राजराजेश्वर मन्दिर का भ्रमण कर काँवड़ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** रात्रि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत शिव मन्दिर तथा राजराजेश्वर मन्दिर बुलन्दशहर का भ्रमण कर काँवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं कांवड़ मार्गो का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**जायजा** एसडीएम और सीओ ने क्षेत्र के शिव मंदिरों मैं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# दंडोति कावड़िया की मदद कर जीवन धन्य मान रहे लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** महाशिवरात्रि पर शिवभक्त तरह-तरह की कावड़ लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। इसी कड़ी में एक युवक द्वारा हरिद्वार से दंडोति कावड़ लेकर आने पर लोग उसकी मदद कर अपने जीवन को धन्य मान रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बरासऊ गांव स्थित शिव मंदिर पर लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

भोले की बम के उद्घोषों से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया है। हजारों की तादात में शिवभक्त पवित्र नगरियों हरिद्वार और अनूपशहर से कावड़ ला रहे हैं। सलेमपुर थाना क्षेत्र के रंगपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र वीरपाल हरिद्वार से दंडोति कावड़ लेकर आया है। मंगलवार को 56वें दिन क्षेत्र में उसका आगमन हो गया है। उसके आगे टेक चंद गिरी, फकीरा सिंह और मोमराज आदि लोग रास्ता साफ कर और गद्दा उठा उठा कर रख रहे हैं। जिस पर लेट कर सोनू कुमार दंडोति कर रहा है। सोनू कुमार महाशिवरात्रि पर रंगपुर गांव में स्थित शिव मंदिर में दंडोति कावड़ चढ़ाएगा। क्षेत्र में ऐसी मान्यता है कि अक्सर लोग दंडोति कावड़ अपनी मुराद पूरी होने पर लाते हैं। जब इस प्रतिनिधि ने सोनू कुमार से उसकी मुराद के बारे में पूछा तो वह केवल मुस्कुरा दिया।





**एसडीएम व सीओ ने शिव मंदिरों मै व्यवस्थाओं का लिया जाएजा**

शिकारपुर। एसडीम व सीओ मैं महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के शिव मंदिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिकारपुर पहासू रोड पर बरासऊ गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के साथ साथ शिकारपुर नगर, पहासू, अहमदगढ़ और सलेमपुर समेत इन थाना क्षेत्र के गांवों में स्थित शिव मंदिरों पर महाशिवरात्रि के दौरान हजारों की तादात में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं का एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल, पुलिस उपाधीक्षक शिव ठाकुर और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे ने जायजा लिया। बरासऊ मंदिर पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था देखी। साथ ही सड़क पर ठेली, दुकान और पार्किंग नहीं लगने देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# गृहकलेश के चलते पत्नी ने की पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नशे की आदत से तंग हो पत्नी ने अपनी चुनरी से गला



दबाकर की थी भटौना के पिंटू की हत्या की थी। पुलिस ने कातिल बीना को आलाकत्ल चुनरी समेत किया गिरफ्तार, किसी को शक न हो पति को मारकर चारपाई पर लिटा दिया था, गांव भटौना में 21 फरवरी की रात को पिंटू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले से पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। *कोतवाल सुनीता मलिक ने बताया कि पिंटू शराब का सेवन करता था और पति-पत्नी दोनों के मध्य विवाद रहता था। गृह क्लेश के कारण विवाद अधिक भी बढ़ जाता था। 21 फरवरी की रात को जब पिंटू शराब के नशे में था तो उसकी पत्नी बीना ने अपनी चुनरी से उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

# आरकेजी आई टी में कॉरपोरेट मीट का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गाजियाबाद ।** आर के जी आई टी कॉलेज के परिसर में कॉरपोरेट मीट का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य कॉलेज के छात्रों और इण्डस्ट्रीज के बीच आये दूरी को पुरा करना था जिससे हमारे छात्र आने वाले समय में अपने उज्जवल भविष्य को बनाकर कॉलेज और अपने परिवार का नाम दुनियों में रौशन कर सके। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आर के जी आई टी समूह के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, सलाहकार डा. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डा. डी के. चौहान, निदेशक डा. बी सी शर्मा और सीआरसी एसोसिएट डाइरेक्टर रितेश पाहुजा द्वारा पारपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।आर के जी आई टी के निदेशक डा. बी.सी. शर्मा ने उधोग जगत से आये सभी अतिथिगण का स्वागत किया। और उनको अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद मीट में एकत्रित होने के उनके उत्साह की सराहना की और उनसे संस्थान के विकाश के लिए आने वाले कार्यक्रम में भी अपनी अधिक से अधिक भागीदारी देने का आहवाहन किया क्योंकि वह लोग ऐसे पदों पर है और अपनी तकनीकि योग्यताओं से हमारे छात्रों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर सकते हैं।आर के जी आई टी समूह के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने मुख्य भाषण दिया और सनी को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के संस्थापक के महान दृष्टिकोण को याद किया। उन्होंने सी आर सी के कॉरपोरेट मीट के इस सराहनीय कदम की सराहना की क्योंकि इस कदम से छात्र और इंडस्ट्रीज के बीच ताल-मेल बनेगा और छात्रों के लिए अधिक से अधिक रोजगार और इंटर्नशिप के अवसर बढ़ेंगे।सी.आर.सी. एसोसिएट डाइरेक्टर रितेश पाहुजा ने उघोगजगत से आये सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें अपने कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया और उनसे छात्राओं के भविष्य के लिए अवसर प्रदान करने का आग्रह किया उद्योगजगत से आये Oracle के डायरेक्टर नीरज नारंग और TCS के एच आर हेड विकास गुप्ता जी ने कॉलेज को धन्यवाद दिया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इनके अलावा Motherson, Sopra, Regalo, SBS, Ultratech, Grapecity, Centilytics, Impetus, PPAP Automotive के भी उच्च आधिकारियों ने भाग लिया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस प्रोग्राम का आयोजन में सी.आर सी एसोसिएट डाइरेक्टर श्री रितेश पाहुजा और उनकी टीम ने अपना योगदान दिया। कॉलेज के सभी अधिकारियों ने सी.आर.सी. विभाग को कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी। अंत में समारोह का समापन राष्ट्र ?गान के साथ समापन हुआ जिसके बाद प्रबंधन द्वारा दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया।

# डा0 मीनाक्षी भराला का गाजियाबाद में भ्रमण व महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 27 फरवरी को

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० मीनाक्षी भराला के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा० सदस्या दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे गाजियाबाद पहुँचेंगी लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई करेंगी।उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलायें अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती है। सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट रजि. के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने की कार्यकारिणी की घोषणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट रजि. के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बंसल, राष्ट्रीय महामंत्री सुबोध गुप्ता(लोहे वाले), राष्ट्रीय चेयरमैन नितिन श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री सचिन मित्तल, प्रदेश मंत्री विपुल गोयल, एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद जाकिर, जिला उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार गर्ग,की घोषणा की और फूल माला पहनाकर एवं नियुक्ति पत्र दिए सभी नवयुक्त पदाधिकारीयों को संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की तरफ से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।


# 08 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निदेर्शानुसार 08.03.2025 राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में

**जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार दशम के निदेर्शानुसार जारी हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित मामलों की सूची**

माननीय जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार,दशम के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 08.03.2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है, जिसमें न्यायालय स्तर पर अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमें, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि। अन्य मामले क्रिमिनल मामले बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले। ई-ट्रैफिक चालान 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट।प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों,प्रकरणों की सूचना। उपजिलाधिकारी के स्तर पर, राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर, राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा।



नायब तहसीलदार स्तर पर, न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर, विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। बाट तथा माप विभाग के स्तर परः– विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें कॉंटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा ।

# रामाज्ञा स्कूल ग्रेटर नोहडा द्वारा वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**ग्रेटर नोएडा।** स्कूल का खेल का मैदान जोश, जुनून और उत्साह से भरा हुआ था। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर, डेल्टा टू के अध्यक्ष बॉबी भाटी, उपाध्यक्ष रिंकू भाटी के आगमन के साथ हुई। छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता,बैंड डिस्प्ले, मार्च पास्ट, ट्रैक इवेंट, स्कूल ड्रिल, हूला हूप्स, तीरंदाजी और ताइक्वांडो से लेकर ऊजार्वान और उछाल वाले खेल कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ऊजार्वान प्रदर्शनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने बच्चे को प्रदर्शन करते देख गर्वित माता-पिता खुशी से भर गए। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती श्रेष्ठता त्रिपाठी अभिभावक और सभी शिक्षक छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्हें लड़कियों को लगभग सभी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने स्कूल की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती श्रेष्ठता त्रिपाठी की भी सराहना की। इस मौके पर काफी संख्या पेरेंट्स शहर के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# एम0एल0सी0 द्वारा काशीराम योजना के तहत निर्मित आवासों व चाइनीज मांझा की बिक्री पर पूर्णतयां प्रतिबंधित हेतु मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद एवं विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा माननीय सदन में काशीराम योजना के तहत निर्मित आवासो जोकि जर्जर हो गए है रहने योग्य नहीं है के सम्बन्ध में आबाज उठायी, उन्होने कहा कि पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार द्वारा काशीराम गरीब आवास योजना पूरे प्रदेश में सियासत की राजनीति के तहत आवासों का निर्माण तो कराया गया लेकिन रखरखाव के अभाव में रहने योग्य ही नही है। इन आवासों के निर्माण में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से सही मुकाम तक नही पहुँच पाए। गरीबों और असहायों को छत उपलब्ध कराने की पूर्ववर्ती सरकार की योजना धरी की धरी रह गई। इसलिए आवासों में लगे शासकीय धन को संरक्षित करने के लिए इन आवासों को नीलाम कर दिया जाए या फिर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराकर नए रूप से आवासों का निर्माण कराया जाए जिससे जहां एक और शासकीय धन का संरक्षण हो वही जान-माल की भी सुरक्षा हो सकें।साथ ही चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्णतयां प्रतिबंधित करने हेतु मांग की। उन्होने कहा कि इस भारत देश में मकर संक्रांति के त्यौहार पर पतंग उडाने की परंपरा है। प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के आस-पास चाइनीज मांझे की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित होने के बाद भी बाजारों में बिकने लगता है। जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस प्रशासन चाइनीज मांझा बेचने वालों के यहां पर झापेमारी तो करती है इसके बाबजूद भी चोरी छुपे चाइनीज मांझे की बिक्री होती रहती है। चाइनीज मांझा जिसका वर्तमान में व्यापक रूप से पतंग उडाने मे प्रयोग किया जा रहा है न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि मानव जीवन और पशु-पक्षियों के लिए भी घातक हो गया है। इसलिए लोकमहत्व के इन मुख्य विषयों चाइनीज मांझे की क्रय और विक्रय पर पूरी तरह से कैसे प्रतिबंधित किया जाए एवं काशीराम योजना के तहत निर्मित आवासों के सम्बन्ध में वक्तव्य की मांग की गयी।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण कार्यक्रम को देहात के लोगो ने काफी सराहनीय कदम बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पश्चिम प्रदेश निर्माण कार्यक्रम को देहात के लोगो ने काफी सराहनीय कदम बताया है, वहां की जनता विकास की बाट देख रही है केवल उन्हें अब छोटा राज्य ही उचित रास्ता नजर आ रहा है। इसी बजह से मोर्चा गाँव गाँव बताया जा रहा है और इसके क्या फायदे हैं यह भी जानकारी पूरी दी जा रही है जिससे इसे लोग बहुत सरहा रहे हैं पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा अपनी टीम को भेजकर जनमत करवा रही है। इसी मुहिम को देहरा, धौलाना में मुख्य टीम शाहनवाज, प्रभारी दौलाना अकरम सचिव पीपीनएम ने बड़ी मेहनत से वहां की जनता से जनमत करवाया। जनमत संग्रह में सभी ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया सहयोगी संगठन युवा और महिलाएं भी अपनी राय बढ़ चढ़ बता रही है पश्चिमी उत्तर प्रदेश निर्माण मोर्चा इस पहल पर उत्साहित दिखाई दी ।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की

**एक युद्ध, नशे के विरूद्ध टैग लाईन के तहत चलाया जाये विशेष अभियानः अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह**



अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक संपन्न जनपद को नशा मुक्त बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारीः अपर जिलाधिकारी गम्भीर सिंह बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु एक युद्ध–नशे के विरूद्ध टैग लाईन के तहत विशेष अभियान चलायें जाएं। कार्यशालाएं और जागरूक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। साथ ही नशे के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का प्रचार भी कराया जाए। जिससे जनपद में नशे का करोबार पर रोक लग सके। नशे के विरूद्ध चलाये जाने वाले कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार से लोगों में जागरूकता आयेगी, जिसके परिणाम स्वरूप नशे पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होने कहा कि जीएसटी विभाग को पूर्व में नशे के प्रति जागरूकता कार्यशाला कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु उनके द्वारा कोई भी कार्यशाला आयोजित नहीं की गयी। उन्होने कहा कि जीएसटी विभाग को उक्त कार्यशाला ना कराने के कारण स्पष्ट करने हेतु नोटिस भेजने के निर्देश दिये और कहा कि जीएसटी विभाग जल्द कोई कार्यशाला का आयोजन करें। एडीएम सिटी द्वारा सभी विभागों से क्रमवार नशे के विरूद्ध उनके द्वारा किये गये कार्यों का विवरण लिया गया। उन्होने कहा कि गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस,बोर्ड लगाये जाएं। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने का कार्य किया जाए। उन्होने कहा कि जनपद को नशा मुक्त बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

**कार्यवाही** निगम सीमा अंतर्गत भवनों से हाउस टैक्स वसूलना निगम की जिम्मेदारी, हाउस टैक्स जमा कर शहर की विकास में सुनिश्चित करें भागीदारी

# 31 मार्च के बाद निगम बकाया हाउस टैक्स पर लगाएगा 12 प्रतिशत का ब्याज, वसूली की कार्यवाही है जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी भवनों पर अनिवार्य रूप से विभाग वसूलेगा हाउस टैक्स- नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आवासीय अनवासीय तथा सरकारी भवनों से हाउस टैक्स की वसूली निगम द्वारा की जा रही है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ रही है सभी जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में अवकाश दिवसों में भी करदाताओं की सहूलियत के लिए हाउस टैक्स वसूलने का कैंप लगा रहे हैं, रविवार के दिन लगभग 40 लाख से अधिक की वसूली हुई जिसमें कवि नगर जोन अंतर्गत महागुणपुरम सोसाइटी के निवासियों द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा कराया गया अन्य सोसाइटीयो द्वारा भी अपना हाउस टैक्स समय से जमा कराया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा सभी टैक्स विभाग टीम को गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले भवनों पर हाउस टैक्स लगाने तथा वसूलने के निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में तेजी से कार्यवाही चल रही हैल मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय द्वारा टैक्स विभाग की बैठक की गई जिसमें स्पष्ट किया गया कि ऐसे टाउनशिप तथा सोसाइटी जिनके द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है उनका समय से हाउस टैक्स जमा कराए जाने की कार्यवाही की जाए' गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 31 मार्च के बाद बकाया हाउस टैक्स पर 12% का ब्याज भी वसूल करेगा उससे बचने के लिए हाउस टैक्स जमा करने के लिए कहा जा रहा है, डॉ संजीव द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि नगर निगम अधिनियम 1959 में हाउस टैक्स वसूले जाने का स्पष्ट प्रावधान है जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम सीमा के भीतर स्थित

**सरकारी भवन सोसाइटी अनवासीय कॉलोनी आवासीय टाउनशिप, सभी के द्वारा हाउस टैक्स जमा करना अनिवार्य है स्पष्ट किया गया है, इसी क्रम में कई टाउनशिप तथा सोसाइटी के भवन स्वामी खुद भी हाउस टैक्स जमा करने के लिए आगे आ रहे हैं जो की सराहनीय है।**

समस्त भूमि एवं भवन पर सामान्य कर अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा, स्पष्ट किया गया' गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वसूले जाने वाले हाउस टैक्स का विरोध कर रहे सोसाइटी के भवन स्वामी हेतु स्पष्ट किया गया है कि सोसाइटी के भीतर सुविधा मुहैया करने की जिम्मेदारी निगम की नहीं है तथा ऐसे भवन जिनके 100 मीटर के दायरे में पानी की पाइपलाइन या सीवर लाइन या ड्रेनेज की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है ऐसी भवन से जलकर, सीवरकर तथा ड्रेनेज कर वसूले जाने का नियम अनुसार प्रावधान है, स्पष्ट किया गया है' गाजियाबाद नगर निगम की प्रमुख आई का स्रोत हाउस टैक्स वसूली है जिसको समय से भुगतान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी भवन तथा भूमि के स्वामियों से अनिवार्य रूप से हाउस टैक्स की वसूली की जाए नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं, बकाया हाउस टैक्स भी शीघ्र जमा कराया जाए 12% ब्याज 31 मार्च 2025 के उपरांत लगना प्रारंभ होगा ब्याज से बचने के लिए हाउस टैक्स जमा करने की अपील की गई है, सरकारी भवन सोसाइटी अनवासीय कॉलोनी आवासीय टाउनशिप, सभी के द्वारा हाउस टैक्स जमा करना अनिवार्य है स्पष्ट किया गया है, इसी क्रम में कई टाउनशिप तथा सोसाइटी के भवन स्वामी खुद भी हाउस टैक्स जमा करने के लिए आगे आ रहे हैं जो की सराहनीय है, अपनी जिम्मेदारी हाउस टैक्स जमा कर निभाते हुए हर नागरिक शहर के विकास में अपनी भागीदारी निभाई अपील की जा रही है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालतनगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की डेंटल ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया, जिससे उन्हें अपने दांतों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से मरीज अपने मुँह की देखभाल करने के तरीकों के बारे में अधिक जान सकें। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमे हेमटोक्सिलिन और इओसिन पेंसिल, रंगोली प्रतियोगिता, सोप कार्विंग प्रतियोगिता, व क्विज प्रतियोगिता शामिल थी। इसके साथ ही एमडीएस छात्रों के लिए ह्यह्यमौखिक रोग संबंधी घावों की पहचानह्यह्य पर आधारित एक प्रश्नावली आयोजित की गयी, जहां छात्रों ने सिर और गर्दन पर सामान्य रूप से सामने आने






वाले विकृति के विभिन्न निदान को अलग करने की कला सीखी। इसके अलावा बीडीएस तृतीय वर्ष के छात्रों के लिये एक ह्यह्यसर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रतियोगिताह्यह्य का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न मौखिक घावों के रोगजनन को प्रदर्षित करना था। अंत में विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा एवं कॉलेज के निदेषक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी को धन्यवाद दिया।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल, हालत नाजुक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर(अंशु चौहान)।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर सोमवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान पीड़ित की बाइक आरोपित की कार के नीचे फंस गई ।

घटना में दोनों भाइयों को गम्भीर चोटें आई हैं जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव निवासी दीपांशु और हर्ष दोनों सगे भाई है। जो चपरगढ़ गांव के पास स्थित एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करते हैं। सोमवार की देर रात वह बाइक पर सवार होकर अपने घर को यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से होते हुए लौट रहे थे। जब उनकी बाइक स्पोर्टसिटी के नजदीक पहुंची उसी दौरान ग्रेटर नोएडा की तरफ से तेज गति में आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक कई फीट तक कार के नीचे फंसकर घिसट गई। टक्कर के दौरान दोनों भाई दूर जाकर गिरे जिन्हें गम्भीर चोटें आई हैं।

हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के बजाय आरोपित चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का का कहना है कि अभी तक पीड़ित स्वजन की तरफ से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 31000 रूपये की कुश्ती अंकित और कलुआ के बीच बराबरी पर रही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भाईपुर में नानकेश्वर शिव मंदिर पर चल रहे शिवरात्रि मेले के दौरान आयोजित कुश्ती दंगल के दूसरे दिन सोमवार को 31 हजार रुपए की बड़ी कुश्ती बराबरी पर रही। यह मुकाबला गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली के पहलवान कलुआ और लीलू अखाड़ा लालपुर, मथुरा के पहलवान अंकित के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने एक दूसरे को पछाड़ने के खूब जोर आजमाइश की। लेकिन निर्धारित समय तक किसी पहलवान की जीत हार नहीं हुई। इसके बाद कमेटी सदस्यों ने कुश्ती बराबरी पर रहने की घोषणा करते हुए इनामी राशि को दोनों पहलवानों के बीच बराबर बांट दिया। इससे पहले हुए दंगल में भारत पहलवान गांव घोड़ी और पलवल के पहलवान निशांत के बीच हुई। कुश्ती में भारत ने बाजी मारी। इसके अलावा काले पहलवान बागपत और नदीम पहलवान मेहंदीपुर के बीच हुई कुश्ती में काले पहलवान ने जीत दर्ज की।



# ग्रामीणों को मिलेगा खेल मैदान, नोवरा के माध्यम से 6 गाँवों ने उठाई समस्याएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नॉएडा।** आज यहाँ नंगली साखपुर गाँव सेक्टर 134 में नॉएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्री विजय रावल के साथ नॉएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन द्वारा ग्रामीण समस्याओं के ऊपर एक बैठक आयोजित

**डीजीएम विजय रावल ने दिया आश्वासन, जल्द सामने आएंगे नतीजे**

की गई जिसमें नगली साखपुर समेत 6 गाँवों की समस्याएं सुनी गई , इस दौरान संस्था के अध्यक्ष श्री रंजन तोमर द्वारा संवाददाताओं से बात करते हुए जानकारी दी की सीईओ श्री लोकेश एम् द्वारा 2 गाँवों में खेल सुविधा बनाने हेतु जो सुझाव उनसे मांगे गए थे उनमें नंगली साखपुर एक गाँव था , इस बाबत और ग्रामीण समस्याओं के निस्तारण हेतु यह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नजदीकी कई गाँवों जैसे नंगली नंगला , नंगली बाजिदपुर , रोहिल्लापुर , शाहपुर समेत अन्य गाँवों के के किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्होंने अपने अपने गाँवों की समस्याओं से डीजीएम श्री विजय रावल को अवगत करवाया। जिनमें मुख्यतः जल और सीवर की निकासी से सम्बंधित थी। नंगली साखपुर में सार्वजानिक शौचालय , बस स्टॉप ,नालियों की निकासी , सीवर एवं रोड बनवाने की मांग उठाई गई , नंगली बाजिदपुर , नंगली नंगला से भी सीवर और पानी की निकासी की बात सामने रखी गई , शाहपुर में गलियों पर हो रहे अतिक्रमण एवं रोहिल्लापुर में बरात घर में बदलाव की मांग ग्रामीणों के रखी। श्री रावल ने समस्याओं का निरिक्षण किया और मौके पर ही उनके निस्तारण की बातें अधिकारीयों से की , गाँवों में जल एवं सीवर और रोड की मांगों पर फाइल जल्द से जल्द निस्तारित कर काम शुरू करने की बात श्री रावल ने कही। अन्य कार्यों पर भी जल्द एस्टीमेट बनवाने हेतु मांग रखी गई।




**विधायक श्री तेजपाल नागर ने फोन पर दर्ज करवाई उपस्थिति , सत्र चलने के कारण नहीं हो सके उपस्थित**

क्षेत्रीय विधायक श्री तेजपाल नागर ने फोन से प्राधिकरण के अधिकारीयों को समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित करने के आदेश दिए , विधान सभा सत्र के कारण वह कार्यक्रम में नहीं पहुँच सके। इस दौरान संस्था के संरक्षक श्री अजीत सिंह तोमर बजरंगी , उपाध्यक्ष श्री अजय चौहान , महासचिव श्री पुनीत राणा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भिन्न गाँवों से टीकम सिंह चौहान उर्फ गुड्डू (समाजसेवी ), प्रमोद चौहान , वेदप्रकाश चौहान , कुंदन चौहान , गिरिराज चौहान , , टीकम चौहान , राकेश चौहान , पवन सिंह चौहान आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय व राज्य बजट हर वर्ग के लिए है लाभकारी : सत्येंद्र सिसोदिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा जारी बजट पर चर्चा करने हेतु आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जारी बजट को हर वर्ग के लिए लाभकारी बजट बताया।



हाईवे के निकट स्थित एक बैंकट हॉल के सभागार में आयोजित बजट संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सतेंद्र शिशोदिया ने कहा कि बजट में भाजपा ने दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसमें, छात्र, किसान, व्यापारी, मजदूर सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट का उद्देश्य आम जनमानस के हितों का ध्यान रखना है। देश के 75 लाख किसानों को हाल ही में सम्मान निधि की 19वी किस्त जारी की गई है। बजट से पीएम आवास, एमएसएमई को कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराना है। यूपी बजट में गंगा एक्सप्रेस वे को इलाहाबाद से मेरठ के बजाय अब हरिद्वार तक बढ़ाया गया है जो दोनों प्रदेशों को जोड़ने का काम करेगा। वृद्धावस्था विधवा पेंशन, युवा कल्याण योजना में युवाओं के हितों का ख़्याल रखा गया है। इसके अलावा बजट संगोष्ठी में मौजूद जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, जिला सहकारी बैंक समिति चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव और दिनेश सिंघल, निवाडी चेयरमैन अनिल त्यागी, स्वदेश जैन ने अपने संबोधन में बजट को हर वर्ग के लिए लाभकारी बताते हुए बजट की प्रशंसा की। इससे पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया का शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। संचालन अमित कराटे ने किया। संगोष्ठी में नीरज त्यागी, आशीष चौधरी, सतेंद्र त्यागी, रोहित अग्रवाल, डॉ अनिला आर्या, दीपा वर्मा, जितेंद्र चित्तौड़ा, दिनेश सिंघल, नवीन जायसवाल, डॉ रीता बक्शी, डॉ नवेंद्र गौड़, अमित कराटे, पिंकी चौधरी, अमित तिसावड, प्रदीप बोस, महेश कुमार, संजय भदोला, गौरव माहेश्वरी सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हेलमेट न लगाने पर कॉलेज व यूनिवर्सिटी में भी नहीं मिलेगा प्रवेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** जिले में जगह-जगह अवैध टेंपों व टैक्सी स्टैंड की भरमार हो गई है। वहां पर खड़े होने वाले वाहनों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही इन स्थानों पर असमाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अवैध टेंपों व टैक्सी स्टैंड को तत्काल हटा दिया जाए। साथ ही स्थानों का चयन कर नए टेंपों व टैक्सी स्टैंड बनाने का निर्देश दिया है। डीएम ने बैठक में नो हेल्मेट, नो फ्यूल को कडाई से लागू करने व बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के सरकारी, गैर सरकारी आफिसों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सहित विभिन संस्थानों मे प्रवेश को रोकने के निर्देश दिये गए। डीएम ने परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि उनके द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर अवैध स्टैंड, अवैध पार्किंग, ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों में विद्यालय यान सुरक्षा समिति के तहत स्कूलों में अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की फिटनेस व चालकों की आंख व स्वास्थ्य जांच अवश्य करा ली जाए एवं यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना फिटनेस के स्कूली बस सड़कों पर न उतर पाए। प्राधिकरणों एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में टूटी हुई सड़कों के मरम्मत कार्य कराए जाने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनपद में अभियान चलाकर ओवरलोड गाड़ी एवं यातायात का उल्लंघन करने वालों वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही कार्रवाई का निर्देश दिया।



# लाइनमैन संविदाकर्मी ठाकुर वीरेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीरपुर।** कस्बे विधुत विभाग में लाइनमैन संविदाकर्मी ठाकुर वीरेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता नवीन बाबू ने की और कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा ने किया।

इस दौरान जूनियर इंजीनियर प्रदीप मौर्य ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। एक दिन सभी लोगों को अपने कार्य से सेवानिवृत होना पड़ता है। कहा कि वीरेंद्र सिंह उर्फ दादा काफी लम्बे समय तक बतौर लाइनमैन काम करते रहे और पूरे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय भी हैं। उनके द्वारा किये गये जन सेवा के कार्यों का अनुकरण करना चाहिए। विदाई समारोह के दौरान जूनियर इंजीनियर राजेंद्र लोधी बांकपुर ने कहा कि जिस दिन आदमी सरकारी सेवाकाल में आता है, उसी दिन सेवानिवृत्ति की तिथि भी अंकित हो जाती है। कभी खुशी कभी गम झेलते हुए सेवा निवृति का समय आ जाती है। मौके पर विकास कुमार,पंकज मालिक,नीरज कुमार,हरिशंकर, अमित कुमार,धर्मवीर सिंह,भूप्रकाश शर्मा,आदि ने सोल उड़ाकर माला पहनाकर विदाई दी और खुशियां मनाई।




# केसीसी कॉलेज पर प्रदर्शन छात्र सभा ने लिया वापस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** अंतगर्त नोलेज पार्क के केसीसी कॉलेज पर सपा छात्र सभा के द्वारा प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। छात्र सभा ने कॉलेज में छात्रों के साथ हुई मारपीट के विरोध 25 फरवरी को प्रदर्शन का एलान किया था। छात्र सभा के मोहित नागर का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों पर लगाया गया फाइन वापस ले लिया है। इस कारण प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ कॉलेज के केशव कुमार झा का कहना है कि मामले में छात्रों के अभिभावकों से वार्ता की जाएगी। कुछ लोग पार्टी के बैनर तले विरोध कर रहे हैं वह कॉलेज के छात्र नहीं हैं। उनसे कोई वार्ता नहीं होगी। केसीसी कॉलेज ने छात्रों पर हजारों रुपये का फाइन लगाया था।

छात्रों ने मामले का विरोध किया था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें केसीसी कॉलेज के गेट पर कुछा लोग छात्रों के साथ मारपीट कर रहे थे। कुछ छात्रों ने भी अपना वीडियो जारी कर कॉलेज पर फाइन लगाने का आरोप लगाया था। मामले में सपा छात्र सभा ने केसीसी कॉलेज के गेट पर 25 फरवरी को प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी।

# पुलिस मुठभेड़ मे बदमाश गिरफतार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा (अंशु चौहान)।** फेज-1 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात मुठभेड़ होने का मामला सामने आया हैं। पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश के गोली लग गई है। जबकि उसके एक अन्य साथी को मौके से धर दबोचा लिया गया है। गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान श्याम कुमार उर्फ बबल महतो के रूप में हुई है। जिसको पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया गया।

जोकि मूलरूप से बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। वर्तमान में वह दिल्ली के पटपड़गंज में रहता था। उसके साथी समीर अली को भी पुलिस ने मौके से पकड़ा लिया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान जिन दो बदमाशों के गिरफ्तारी हुई है दोनों मिलकर दिल्ली एनसीआर में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देते थे। बदमाशों के कब्जे से लूट व चोरी के 6 मोबाइल के अलावा दिल्ली से चोरी की गई बाइक भी बरामद हुई है। इसके अलावा मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी है। जिसको उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। बताया कि बदमाशों के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस अपनी आवशयक कानूनी कार्यवाही में जुटी हैं।



# एचजी फाउंडेशन के नेतृत्व में विधवा, बेसहारा मजदूरों को किया राशन किट का वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली क्षेत्र गांव वैठ में एचजी फाउंडेशन के नेतृत्व में विधवा, बेसहारा मजदूरों को राशन किट का वितरण किया गया है।

मंगलवार को जिले में 2015 से गरीब मजलूम मजदूर विधवा बेसहारा महिलाओं को जोड़कर सराहनीय कार्य करने वाली संस्था एच जी फाउंडेशन, सोशल एंड कल्चर ऑगेनाईजेशन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर राशन किट का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष मौहम्मद जमील खान ने की। साथ ही हापुड़ से आए डॉक्टर सफीक मलिक ताजुद्दीन ने आयोजित प्रोग्राम में शिरकत करते हुए बताया कि यह संस्था पिछले 10 वर्षों से गरीब मजलूम बेसहाराओं के लिए कार्य कर रही है और इसमें लगभग ढाई सौ महिलाएं जुड़ी हुई है। इस अवसर पर मास्टर माजिद, हबीब खान, समद खान, मुकेश तिवारी, डॉक्टर फिरासत, रशीद सैफी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बजट पर चर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बजट पर चर्चा करते हुए एनसीआर क्षेत्र में लगातार निजी और प्राइवेट विद्यालयों की फीस वृद्धि का मुद्दा विधानसभा में उठाया।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि प्राइवेट विद्यालयों में बढ़ती हुई फीस अब आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर निकल चुकी है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा में अपने भाषण में आगे कहा कि घरों की रजिस्ट्री और रुके प्रोजेक्ट शुरू करने को लेकर अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने से एनसीआर क्षेत्र के साथ-साथ नोएडा ग्रेटर नोएडा में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र में फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने विगत बजट सत्र में लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम लागू होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा जी का आभार व्यक्त किया।

शिक्षा अभी का अधिकार, लेकिन निजी और प्राइवेट विद्यालयों की फीस वृद्धि पर अंकुश लगना जरूरी। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने से एनसीआर के साथ-साथ नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में रुकी हुई प्लाटों की रजिस्ट्री की समस्याओं का समाधान संभव है।




# राकियू ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर की पंचायत, समाधान न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** राष्ट्रीय किसान यूनियन ने मंगलवार को कस्बा जेवर में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक पंचायत की। जिसमे जल्द समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

यूनियन के जिलाध्यक्ष इकपाल सिवाच ने बताया कि मंगलवार को कस्बे के मौहल्ला रावलपट्टी मे मुशर्रफ छोकर के यहां एक पंचायत की गई। जिसकी अध्यक्षता मजीद खान और संचालन राजू थोरा ने किया। यहां एयरपोर्ट के तीसरे व चौथे चरण से प्रभावित किसानों के साथ खुली मीटिंग कर मुआवजा बढ़ाये जाने, सहमति में पारदर्शिता बरतने, कस्बे में लगने वाले जाम से निजाद दिलाने के लिए जल्द बाई पास बनाये जाने व कस्बे मे बड़े वाहनों की एंट्री शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक की जाने, जेवर मे रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने, कस्बे से चलने वाली बसों का टाइम फिक्स किये जाने, जिन किसानों की भूमि एयरपोर्ट व प्राधिकरण ने अधिग्रहण की है उन किसानों के बच्चों को रोजगार दिए जाने, क्षेत्र के लोकल बेरोजगार युवाओं को एयरपोर्ट व औद्योगिक इकाइयों में रोजगार दिए जाने आदि 6 मांगों पर चर्चा की और जल्द मांग पुरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर शाहिद प्रधान, राजकुमार, जीतू, डॉ केपी सिंह, पीवी सिंह, हरपाल, मुस्ताक, फकरुद्दीन, मुकेश, अरफात, मुकेश जाटव, मिलतम आदि मौजूद रहे।

## नेता सरकार पर सवाल उठाये, महाकुंभ पर नहीं

# सनातन का स्वर्णिम काल चल रहा है: आचार्य प्रमोद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्ग दर्शन में महाकुंभ का विशाल आयोजन हुआ है। जो पूर्व में कभी हुआ न कभी भविष्य में होगा। उन्होंने महाकुंभ की सफलता के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को बधाई दी है।





मंगलवार को बुलन्दशहर रोड स्थित सामिया गार्डन सिटी में पहुंचने पर सामिया इंटरनेशन बिल्डर्स के एजीएम डा.मरगूब त्यागी के नेतृत्व में कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का फूलमाला पहनाकर लोगों ने स्वागत किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति मानवता के लिए एक संदेश है। वर्तमान में सनातन का स्वर्णिम काल चल रहा है।

महाकुंभ पर सवाल उठाने वाले नेताओं से आग्रह किया,कि वह सरकार पर सवाल उठाये,न की सनातन पर। उन्होंने कहा कि जहां भगवान का अवतरण होता है,वहां पहले चमत्कार होने शुरू हो जाते है,जैसा की जनपद संभल में हो रहा है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 19 फरवरी कल्कि पीठ धाम की नींव रखीं। यह धाम चार वर्षों में बनकर तैयार हो जायेगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी कॉर्पोरेशन, सेक्टर 3,नोएडा की औद्योगिक यात्रा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी केके छात्रों ने इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी स्कूल ने अपने छात्रों के लिए एचसीएल कॉर्पोरेशन, सेक्टर 3, नोएडा की औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। यह औद्योगिक यात्रा सहायक प्रोफेसर रोहित राणा एवं राजीव ढांढा की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की निदेशक प्रो.(डॉ.) मोनिका सेंगर ने बताया कि औद्योगिक दौरे का उद्देश्य छात्रों को उद्योग के कामकाजी माहौल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इससे छात्रों को सिद्धांत और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पाटने में मदद मिलती है। एसडीजीआई के चांसलर महेंद्र अग्रवालजी के अनुसार इस तरह की औद्योगिक यात्रा सभी छात्रों के लिए सीखने का एक मूल्यवान अनुभव है, जो उन्हें नवीनतम तकनीकी की प्रगति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के अनुसंधान और संचार कौशल को बढ़ाने में मदद करती हैं और उन्हें आईटी उद्योग में नवीनतम रुझानों से भी अवगत कराती हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को अपने क्षेत्रों में खोज और नवाचार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।







# धौलाना सीएचसी में अव्यवस्था पर भड़के सीडीओ, लगाई कड़ी फटकार, इतना बड़ा स्टाफ काम के नाम पर नतीजा सिफर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** सीडीओ हिमांशु गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौलाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डा चन्द्र मोहन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी

### लोगो का आरोप कुछ चंद दलालों के चंगुल में है धौलाना सीएचसी

उपस्थित पाये गये। ओपीडी काउन्टर पर काफी संख्या में मरीज अपना पर्चा बनवा रहे थे। चिकित्सालय में फिजिशियन के रूप में मरीजो को देखने हेतु डा के के शर्मा व डा वरूण को तीन-तीन दिन आवंटित किए गए हैं। निरीक्षण के समय फिजिशियन के कक्ष के बाहर मरीजों की लाईन लगी हुई थी परन्तु कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। काफी समय बाद डॉ. के के शर्मा उपस्थित हुए उनसे मरीजों की जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया।



सीडीओ ने निर्देश दिए कि तत्काल अपने कक्ष में रहकर मरीजों को चेकअप कर उपचार की कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्जु बाला ढींगरा एवं बाल रोग विषेशज्ञ डॉ. स्वाति सागर अनुपस्थित थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा उन्हें न तो डॉक्टर के अवकाश की जानकारी दी गई और न ही किसी अन्य डॉक्टर की व्यवस्था की गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिए गए कि तत्काल उक्त कक्षों में मरीजों को देखने हेतु डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। सीडीओ ने सीएचसी में साफ सफाई भी उचित नहीं पाई गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि वह सफाईकर्मी से नियमित रूप से ठीक प्रकार से सफाई कराएं।

**सीडीओ ने स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए हर्बल रंग को परखा**

सीडीओ हिमांशु गौतम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा होली पर प्राकृतिक तरीकों से बनाएं गए हर्बल गुलाल को परखा और स्वयं सहायता समूह की दीदियों को इसके लिए बधाई दी है तथा उनसे हर्बल गुलाल भी क्रय किए गए हैं। सीडीओ ने बताया कि यह गुलाल पूर्णतः ऑर्गेनिक व बिना केमिकल से बनाए गए हैं जो की हस्त निर्मित भी है। जो भी व्यक्ति इन गुलाल को क्रय करना चाहता है वह विकास भवन में संचालित प्रेरणा कैंटीन से इन रंगों को खरीद भी सकता है।

### महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# हापुड़ बार एसो.अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 वापिस लेने मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल व सचिव वीरेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 शीघ्र वापिस लेने हेतु भारत सरकार को निर्देशित करने की मांग की। महामहिम राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है। अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का नया ड्राफ्ट बनाया जा रहा है।





उक्त बिल पास होकर कानून में तब्दील कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उक्त संशोधन बिल अधिवक्ताओं के हितों व अधिकारों पर घोर कुठाराघात है। प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल का हापुड़ बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता विरोध प्रदर्शित करते है उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 शीघ्र वापिस लेने हेतु भारत सरकार को निर्देशित करने की मांग की। इस अवसर पर गजेन्द्र चौहान,रमेश चन्द्रा, भोपाल शिशौदिया,नवनीत सहलौत, सुशील आजाद, अक्षय गुप्ता,रफत,दिनेश सैनी, प्रवीण गुप्ता,अनस,पीयूष शर्मा, गुलबाहर, सतेन्द्र गौड़, सुधांशु शर्मा,योगेश शर्मा, मोहित वर्मा, अकबर अली,इरशाद, सतेन्द्र चौहान,सतवीर आदि मौजूद रहे।

# सांसद व अध्यक्ष ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सोमवार को गढ़ दिल्ली रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद व श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति के

### मुज्फनगर मेडिकल कालेज के चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लाभ उठाया।

आर्य समाज मंदिर में मुज्जफर नगर मेडिकल कालेज द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सांसद अरुण गोविल व श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व मुज्जफर नगर






मेडिकल कालेज के सचिव संजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की।

सांसद अरुण गोविल ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लोगों को लाभ उठाना चाहिए। श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व मुज्जफर नगर मेडिकल कालेज के सचिव संजय गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय भी लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि,आर्य समाज के प्रधान पवन आर्य, लोकेश गुप्ता,अमित शर्मा, जितेन्द्र सिंहल,मनीष कंसल,राजीव गर्ग, अंकुर कंसल,बिजेन्द्र गर्ग,सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली, भारत भूषण गोयल, योगेन्द्र पंडित, सुरेन्द्र कबाड़ी, सुरेश गुप्ता,दीपक गर्ग, मोहित बंसल व निखिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धौलाना के अधिवक्ताओं ने बिल के विरोध में तहसील में किया प्रदर्शन, तहसील में रही तालाबंदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना बार एसोसिएशन के एकत्र होकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के विरोध में धौलाना तहसील परिसर से पूर्ण तालाबंदी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया । और बिल के विरोध में तहसील के मुख्य द्वार पर नारेबाजी की । इसके अलावा तहसील में बैनामा लेखकों की भी हड़ताल रही। मंगलवार सुबह धौलाना तहसील परिसर में अधिवक्ता एकत्र हुए और उन्होंने चैंबरों पर ताला लगा दिया। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन देने के बाद तहसील गेट पर बिल के विरोध में जोरदार नारेबाजी की । वही धौलाना तहसील परिसर अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा। धौलाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद शिशोदिया ने बताया की अधिवक्ता सम्मान सर्वोपरि है । जब तक बिल वापस नहीं होता संघर्ष जारी रहेगा । अधिवक्ता अभिषेक तोमर ने बताया की इस दौरान तहसील परिसर में पूर्ण तालाबंदी कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें अधिवक्ताओं ने एकता का परिचय देते हुए तालाबंदी की । इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमरपाल सिंह राणा, अमित टांक, मौ अंसार, हरेंद्र तोमर, तमकीन अहमद, सौरभ तोमर, आशीष तोमर, संजीव राघव, सतीश राणा, राहुल राणा, राजीव तोमर, लक्ष्मण सिंह शिशोदिया, सरजीत सिंह, उदय राघव, अरविंद तोमर, मान सिंह तोमर, पवन राणा, मोहित शर्मा, सचिन शर्मा, वीरेन्द्र तोमर, रामप्रकाश राणा, आदि रहे ।




**आयोजन** डॉ. पालकी नारंग ने सी.एम.ई. का संचालन किया एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ. आशा मिश्रा और डॉ. वी.पी. अग्रवाल उपस्थित रहे

# चिकित्सा पेशेवरों में तनाव और मृत्यु दर की बढ़ती प्रवृत्ति" के विषय पर एक (सी.एम.ई.) सेमिनार का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ ने सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से 21 फरवरी 2025 को हापुड़ जिमखाना क्लब में "चिकित्सा पेशेवरों में तनाव और मृत्यु दर की बढ़ती प्रवृत्ति" के विषय पर एक (सी.एम.ई.) सेमिनार का आयोजन किया गया।









सी.एम.ई का उदघाटन आई.एम.ए. अध्यक्ष डा० मनोज कुमार जैन, सचिव डा० गौरव मित्तल एवं पूर्व सी.एम.ओ. श्रीमती रेखा शर्मा द्वारा किया गया।

सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रधानाचार्य डॉ. आर.के. सहगल के द्वारा सभा का स्वागत किया गया। डॉ. पालकी नारंग ने सी.एम.ई. का संचालन किया एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ. आशा मिश्रा और डॉ. वी.पी. अग्रवाल उपस्थित रहें।

सी.एम.ई. में डॉ. राहुल रामटेके, चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट सिम्स ने तनाव के कारण चिकित्सा पेशेवरों में होने वाली समस्याओं और इसके कारण उनके स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें प्रतिरक्षा स्तर में कमी शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वास्थ्य कर्मियों को समय-समय पर अपने कोलेस्ट्रॉल के स्तर की जांच करनी चाहिए। हालांकि, फिर भी यह आनुवंशिक कारणों से होने वाले बीमारियों को रोका नहीं जा सकता है।स्वास्थ्य कर्मियों को भी एक मानव के रूप में देखा जाना चाहिए, और उनकी भी कुछ सीमाएं है।सतही या अस्थायी मूल्यांकन और पुरस्कार के बजाय, हमें स्वास्थ्य कर्मियों पर बोझ को अधिक स्थायी आधार पर कम करने के लिए सुरक्षात्मक और निवारक उपायों में निवेश करने और उन्हें तेज करने की आवश्यकता है।स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सेवा स्वास्थ्य कर्मियों को अपने अधिक काम के परिणामस्वरूप तनाव, बौझ और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मियों जिन्हें विशेषतय आपात विभागों एवं कम संसाधन वाले चिकित्साल्यों में काम करना पड़ता है और जहां छोटी-छोटी गलतियों के लिए उनके ऊपर दोषारोपण किया जाता है, जिसकी वजह से स्वास्थ्य कर्मी अधिक तनाव में रहते हैं।डॉ. राहुल रामटेक के द्वारा यह भी बताया गया कि "स्वास्थ्यकर्मियों को मनोवैज्ञानिक रूप से स्वास्थ्य रखने के लिए उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों के लिये उन्हें समय-समय पर सम्मान दिया जाना चाहियें।

इसके बाद सी.एम.ई. में प्रश्न और उत्तर सत्र शुरू किया गया, विभिन्न मुददों पर चर्चा की प्रतिभागियों में शामिल हैं:- डॉ. विमलेश शर्मा, डॉ. दुष्यन्त बंसल, डॉ. विक्रांत बंसल, डॉ. एन.एम. सिंह, डा० सौरभ गोयल, डा० रेनू बंसल और इसके अतिरिक्त सिम्स से वरिष्ठ सलाहकार डॉ. जे. के. गोयल, डॉ. अभिषेक, डॉ. योगेश गोयल, डॉ. हर्ष प्रताप सिसौदिया, सचिव एम. नटराजन एवं हॉस्पिटल मैनेजर जय कुमार सिंह। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. जे. रामाचंद्रन एवं उपाध्यक्ष श्रीमती राम्या रामाचंद्रन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आई.एम.ए. हापुड़ के अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी।

# मुख्य मार्गों से हटाए गए 36 वाहन, 12 का चालान, 6000 का जुर्माना

**बुलंद संदेश ब्यूरो**

**संभल।** उत्तर प्रदेश लखनऊ परिवहन आयुक्त कार्यालय के निदेर्शानुसार हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 22 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत मुख्य मार्गों को अवरोधमुक्त बनाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) डा. पीके सरोज एवं यात्री/मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में जनपद के मुख्य मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 36 अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया, जबकि 12 वाहनों के विरुद्ध चालान कर 6000 का प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। अभियान के दौरान केवल अवैध पार्किंग ही नहीं, बल्कि बिना परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, एचएसआरपी, सीट बेल्ट, बिना त्रिपाल एवं इंडिकेटर का प्रयोग न करने जैसे मामलों में भी 18 वाहनों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त नशे की हालत में वाहन चलाने पर 2 चालान किए गए। ओवरलोड माल परिवहन करने वाले चार वाहनों को चौकी खिरनी, थाना कैलादेवी में निरुद्ध किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 28 फरवरी तक यह विशेष अभियान जारी रहेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### सूचना

मेरे पति के बी.आर.ओ. सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 1979 लिखा गया है जो गलत है। मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरी जन्म तिथि 01/01/1974 दर्ज है जो सही है।

**नाजरीन पत्नी मौ. आसिफ**
**ग्राम पटना नई मण्डी हापुड़**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# सोता रहा रेलवे, रोती रही आस्था



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

नई दिल्ली स्टेशन पर बढ़ती बेतहाशा भीड़ का सीसीटीवी पर रेलवे के मौके पर मौजूद अफसरों को नजर नही आ रही थी? दिल्ली हादसे पर एक अखबार खुलासा द्वारा उठाया ये सवाल हादसे की जांच का मुख्य बिंदु बन गया हैं। ऐसे ही आज भी एक सवाल सबसे मोजू है कि 13 जनवरी यानी कुंभ के आगाज के साथ ही रेल के सफर के बुरे हाल मोदी सरकार के रेल मंत्रालय को नजर नही आ रहें थे? रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव स्टेशनों व प्लेटफॉर्म पर पसरी अराजकता से अंजान थे? डिब्बों में तोडफोड़ करने के समाचार व दृश्य से मंत्री महोदय बेखबर क्यो बने रहें? महिनों पहले महंगे टिकट रिजर्वेशन कर कुंभ नगरी जाने वाले लाखों लोगों के बुरे हाल पर भी भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्यो चेन की नींद सोता रहा? अब अगर विपक्ष रेल मंत्री का इस्तीफा मांग रहा है तो वह राजनीति का विषय कैसे हो गया? ये तो शुद्ध आस्था का विषय है कि रेलवे मंत्रालय, रेल मंत्री सोते रहे और आस्था रोती रही। दबती रही, कुचलती रही, दम तोड़ती रही। ' आस्थावान सरकार', आस्था के प्रति इस बेफिक्री पर मंत्री को दंड देगी? या मंत्री महोदय के मानस में व्याप्त नैतिकता उन्हें झकझोरेगी? जिन्होंने रेल मंत्रालय की परिधि में अपनों को खोया, वे ही नही...देश की इस पर नजरें हैं। महाकुंभ तक आने जाने के लिए रेल से सफर के जो नजारे देश-दुनिया देख रही थी, वो क्या रेल मंत्रालय को नजर नही आ रही थी? कांच फोड़ते, खिड़की तोड़ते, इंजिन में घुसते, डिब्बों में दबते, स्टेशनों पर कुचलते लोग क्या रेलवे के अफसरों को नही दिख रहें थे? जब से कुंभ का शुभारंभ हुआ, रेल के सफर के बुरे हाल दृश्य श्रव्य माध्यमों पर सरेआम दिखाए जा रहें थे, बावजूद इसके रेलवे के जिम्मेदार सोते रहे और निर्दोष आस्था रोने बिलखने को मजबूर होती रहीं। आखिर रेलवे मंत्रालय की जवाबदेही क्यो तय नही होती? जिम्मेदार अफसर अब तक दंड के दायरे से क्यो बाहर हैं? जो व्यवस्था दिल्ली में हादसे के दूसरे दिन यानी रविवार को हुई, वह शनिवार को क्यो नही हो पाई? इसका जवाब हैं क्या किसी के पास? क्या केवल स्पेशल ट्रेन चला भर देने से रेलवे की इतने बड़े आस्था के उत्सव के लिए काफी था? रेल वाले स्पेशल ट्रेनों के आंकड़े गिना रहें हैं लेकिन इन स्पेशल ट्रेनों में सफई कैसे हो रहा हैं, इस पर किसी का ध्यान क्यो नही गया? 13 जनवरी से रेल के सफर के बुरे हाल सब तरफ चर्चा में थे। बावजूद इसके रेल मंत्रालय क्या करता रहा? ये सवाल विपक्ष का ही नही, जन जन का हैं। जवाब देना ही पड़ेगा। अन्यथा ये माना जायेगा कि रेल मंत्रालय ने ही आस्था से अभिभूत जनसामान्य को मरने के लिए छोड़ा था। रिजर्वेशन क्लास के डिब्बो में जिस तरह से अराजकता पसर रही थी, वह वक्त रहते क्यो नही थामी गई? लोगों में एसी कोच तक को नही बख़्शा। उसके हाल भी जनरल डिब्बे से बदतर कर दिये। दरवाजों को ल मार कर तोड़ा जा रहा था। एसी कोच के कांच फोड़े जा रहें थे। एक डिब्बे में एक हजार यात्रियों के घुसने, दबने के नजारे क्या सिर्फ देश ही देख रहा था? मोदी सरकार का रेल मंत्रालय इस सबसे बेखबर था? अगर नही था तो फिर ये सीधे जिम्मेदारी रेल मंत्री महोदय की नही बनती क्या? प्रयागराज आने जाने वाले तमाम रेलवे स्टेशनों पर एक जैसे हालत थे। फिर चाहे वह सतना हो या पटना या फिर दिल्ली हो या भोपाल। हजारों की भीड़ हर स्टेशनों पर पहुँच रही थी लेकिन वह भगवान भरोसे क्यो छोड़ दी गई? आम आदमी का प्रयागराज सफर तो रेलवे के जरिये ही पूरा होना था। उसके पास कहा कार व अन्य चार पहिया वाहन हैं। वह तो बाल बच्चो सँग रेलवे स्टेशन की तरफ ही बढ़ेगी।

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?



ललित गर्ग

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?



प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है।

# श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र के संयोग में मनाई जाएगी महाशिवरात्रि



भारतवर्ष में सनातन धर्म के अनेकों पर्व मनायेजाते हैं जिनमें से भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है जो की भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है जो कि इस बार 26 फरवरी को बुधवार को मनाया जाएगा इस अवसर पर श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र के युग्म संयोग बन रहा है। नक्षत्रों के इस संयोग में महाशिवरात्रि विशेष रूप से फलदायी रहेगी। इस वर्ष महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11:08 पर शुरू होगी और 27 फरवरी को सुबह 8:54 पर समाप्त होगी। महाशिवरात्रि का पर्व श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र के युग्म संयोग में मनाई जाएगी। नक्षत्रों के संयोग में महाशिवरात्रि विशेष रूप से फलदायी रहेगी। वैदिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शंकर यानि की स्वयं शिव ही चतुर्दशी तिथि के स्वामी हैं। यही वजह है कि प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। ज्योतिष शास्त्रों में चतुर्दशी तिथि को अत्यंत शुभ कहा गया है।गणित ज्योतिष की गणना के मुताबिक महाशिवरात्रि के समय सूर्य उत्तरायण में होते हैं, साथ ही ऋतु-परिवर्तन भी हो रहा होता है। ज्योतिष के अनुसार ऐसी भी मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि को चंद्रमा अत्यंत कमजोर होते हैं। भगवान शिव ने चन्द्रमा को अपने मस्तक पर धारण किया हुआ है। इसलिए शिव की पूजा एवं उपासना से व्यक्ति का चंद्रमा मजबूत होता है। चंद्रमा मन का प्रतिनिधित्व करता है। आचार्य ऋतुपर्ण ने कहा कि लिंग पुराण में महाशिवरात्रि के महत्व का वर्णन किया गया है। ऐसी मान्यता है कि इस रात को महादेव ने तांडव नृत्य किया था।पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था।महाशिवरात्रि व्रत में रात्रि के चारों प्रहरों में भगवान शिव की पूजा करने का विशेष महत्व है। इन चार प्रहरों में शिवलिंग का अभिषेक दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से किया जाता है। इसके साथ ही बेलपत्र, धतूरा, भांग और अक्षत अर्पित करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

पहला प्रहर: शाम 06:07 से रात 09:14 बजे

दूसरा प्रहर: रात 09:14 से 12:21 बजे

तीसरा प्रहर: रात 12:21 से 03:28 बजे

चौथा प्रहर: रात 03:28 से 06:35 बजेमहाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में जाकर रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और शिव चालीसा का पाठ कर सकते हैं। महाशिवरात्रि पर ह्यॐ नमः शिवायह्य मंत्र का जाप करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। भगवान शिव के इस पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति भाव से आराधना करने से सभी भक्तों को शिव कृपा का वरदान प्राप्त होगा।

# अंगूर का अधिक सेवन करने से हो सकती हैं ये स्वास्थ्य समस्याएं,जानिए सही मात्रा



अंगूर कई विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।यही वजह है कि डॉक्टर भी इन्हें डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं, लेकिन अंगूर का अधिक सेवन फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है।अमूमन लोग छोटे होने के कारण अधिक अंगूर खा लेते हैं और इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।आइए जानते हैं कि ज्यादा अंगूर खाने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और रोजाना कितनी मात्रा में इनका सेवन करना लाभदायक है।

**दस्त या कब्ज**

अंगूर में प्राकृतिक शर्करा अधिक होती है और उच्च शर्करा युक्त खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से दस्त की समस्या हो सकती है। इसके अतिरिक्त अंगूर अघुलनशील फाइबर से भी भरपूर होते हैं और इनकी अधिक मात्रा पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकती है, जिससे दस्त या कब्ज हो सकते हैं।अंगूर का अधिक सेवन पेट दर्द का कारण भी बन सकता है। यहां जानिए सर्दियों में ये आदतें उत्पन्न कर सकती हैं कब्ज की समस्या।

**वजन का बढना**

अंगूर के अधिक सेवन से वजन बढने की भी संभावना रहती है और इसका कारण इनमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा हो सकती है।कई लोग इस वजह से इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर लेते हैं क्योंकि इनमें फाइबर और कम कैलोरी होती है, लेकिन अंगूर के जरिए अधिक मात्रा से शरीर में पहुंचने वाली शर्करा से वजन कम होने की बजाय बढ़ सकता है।इसलिए वजन घटाने वाले लोग इस फल का कम ही मात्रा में सेवन करें। गैस होना

कभी भी खाली पेट अंगूर का सेवन न करें क्योंकि इस स्थिति में अधिक अंगूर खाने से गैस की समस्या हो सकती गै। इससे आंतों की परत को भी नुकसान पहुंच सकता है, जिससे सिरदर्द और उल्टी भी हो सकती है।बता दें कि सैलिसिलिक एसिड की मौजूदगी के कारण अंगूर आपके पेट में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे गैस बनने लगती है।यहां जानिए गैस की समस्या से राहत दिलाने वाले हर्बल चाय। गर्भावस्था में पहुंचा सकते हैं नुकसान गर्भवती महिलाओं के लिए भी अंगूर का अधिक सेवन मुसीबत बन सकता है।इसका मुख्य कारण है कि अंगूर में फिनोलिक यौगिक मौजूद होते हैं, जिसकी अधिकता से गर्भवती महिला और होने वाले शिशु का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसके अतिरिक्त स्तनपान कराने वाले महिलाओं को भी अंगूर का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।इन स्थितियों में महिलाओं को कुछ ही मात्रा में अंगूर खाने चाहिए।

# चुनौती है बढ़ता तापमान,बदलता वायुमंडलीय पैटर्न

पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक ध्रुवीय क्षेत्रों में तैरती समुद्री बर्फ की मात्रा है। हालाँकि, बदलते वायुमंडलीय पैटर्न और बढ़ते तापमान के कारण, यह घटकर 15-76 मिलियन वर्ग किमी के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, समुद्री धाराएँ अशांत हो रही हैं, तथा इस गिरावट के कारण चरम मौसम की घटनाएँ और भी बदतर हो गई हैं। दुनिया भर में चरम मौसम की घटनाएँ पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन से प्रभावित हो रही हैं। भीषण वन्य आग, वर्षों तक चलने वाला सूखा, भारी वर्षा, भयंकर बाढ़, भूमि और समुद्र में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरें, तथा तूफानों के दौरान व्यापक बाढ़ की आवृत्ति और तीव्रता सभी बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों विशेष रूप से जीवाश्म ईंधनों के जलने के कारण ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता में तीव्र वृद्धि हुई है। मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसें एक कम्बल की तरह काम करती हैं, जो गर्मी को रोक लेती हैं और जैसे-जैसे उनकी सांद्रता बढ़ती है, पृथ्वी को गर्म करती हैं। परिणामस्वरूप पृथ्वी पर हवा और महासागर गर्म हो जाते हैं। भूमि पर बर्फ पिघलती है, मौसम का पैटर्न बदलता है, तथा जल चक्र इस तापमान वृद्धि से प्रभावित होता है, जिससे चरम मौसम की स्थिति और खराब हो जाती है। जलवायु परिवर्तन हमारे समाज को अनेक तरीकों से प्रभावित करता है। सूखे से मानव स्वास्थ्य और खाद्य उत्पादन पर असर पड़ सकता है। बाढ़ से बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँच सकता है और बीमारी फैल सकती है। खाद्य उपलब्धता में परिवर्तन और श्रमिक उत्पादकता को सीमित करने के अलावा, सूखा, बाढ़ और अन्य मौसम सम्बंधी घटनाओं के कारण उत्पन्न मानव स्वास्थ्य समस्याएँ भी मृत्यु दर को बढ़ाती हैं। हमारी परिवहन और संचार प्रणालियों के भौतिक बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, बंदरगाह, विद्युत ग्रिड, ब्रॉडबैंड इंटरनेट और अन्य घटक शामिल हैं। इसे अक्सर कई वर्षों तक चलने के लिए डिजाइन किया जाता है। इसलिए अधिकांश समुदायों में बुनियादी ढांचे का निर्माण जलवायु परिवर्तन पर विचार किए बिना किया गया था। वर्तमान बुनियादी ढांचा हवा, बर्फ, बाढ़, भारी बारिश या तापमान में उतार-चढ़ाव जैसी गंभीर मौसम स्थितियों को संभालने में सक्षम नहीं हो सकता है। इन घटनाओं के प्रभाव कई अलग-अलग रूप ले सकते हैं। उदाहरण के लिए, उच्च तापमान के कारण घर के अन्दर अधिक ठंडक की आवश्यकता होती है, जिससे ऊर्जा ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है। अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वर्षा के कारण आने वाली बाढ़, जो तूफानी जल निकासी क्षमता से अधिक होती है, प्रमुख मार्गों, व्यवसायों और राजमार्गों को बंद कर सकती है। समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण तटीय अवसंरचना, जैसे जल



प्रियंका सौरभ

आपूर्ति, सड़कें, पुल और बहुत कुछ, खतरे में हैं। चूंकि बहुत-सी आबादी तटीय क्षेत्रों में रहती है, अतः इससे होने वाले जोखिम से लाखों लोग प्रभावित होंगे। इसके अलावा, समुद्र स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव और उच्च ज्वार के कारण बाढ़ आ सकती है। शोध से पता चलता है कि कुछ समुदाय वर्ष 2100 तक समुद्र तल पर या उससे नीचे पहुँच जाएंगे। अब यह उन पर निर्भर करेगा कि वे क्या करें। प्रबंधित वापसी नामक प्रक्रिया के दौरान, समुदाय संभवतः तटरेखा से दूर चले जाएंगे और अपने बुनियादी ढांचे में बदलाव करेंगे। समुद्री बर्फ में वैश्विक गिरावट के लिए मुख्य रूप से महासागरीय ऊष्मा परिवहन ज़िम्मेदार है। जब गर्म महासागरीय धाराएँ ध्रुवीय क्षेत्रों में प्रवेश करती हैं, तो समुद्री बर्फ आधार पर तेजी से पिघलती है। अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) द्वारा गर्म पानी आर्कटिक में लाया जाता है, जो बर्फ की स्थिरता को कम करता है। ये जलवायु पैटर्न समुद्री और वायुमंडलीय स्थितियों के साथ-साथ बर्फ के निर्माण और पिघलने की दर को भी प्रभावित करते हैं। 2015-2016 की अल नीनो घटना ने समुद्र के तापमान में वृद्धि करके अंटार्कटिका के समुद्री बर्फ को रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँचा दिया। बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों से एरोसोल निकलते हैं, जिनमें अस्थायी रूप से वायुमंडल को ठंडा करने की क्षमता होती है, लेकिन वे दीर्घकालिक रूप से महासागरों के गर्म होने में भी योगदान देने वाले कारक हो सकते हैं। 2022 के हंगा टोंगा विस्फोट से जल वाष्प समताप मंडल में छोड़ा गया, जिससे समय के साथ वार्मिंग प्रभाव में संभावित रूप से वृद्धि हुई। अधिक शक्तिशाली तूफानों के कारण नाजुक समुद्री बर्फ टूट जाती है, जिससे पिघलने और समुद्री धाराओं के कारण उसके प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। 2024 में बेरेंट्स और बेरिंग सागर में तूफानों के कारण बर्फ टूट जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्कटिक सागर में बर्फ का आवरण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँच जाएगा। मीथेन औरकार्बन डाईऑक्साइड वायुमंडल में ऊष्मा को रोकते हैं, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है और ध्रुवीय बर्फ पिघलने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। औद्योगिक क्रांति के कारणकार्बन डाईऑक्साइड के स्तर में नाटकीय वृद्धि के कारण, आर्कटिक समुद्री बर्फ 1981 से प्रति दशक 12-2% की दर से घट रही है। महासागर का अम्लीकरण और वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि कोयला, तेल और गैस के जलने से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण होती है। आर्कटिक प्रवर्धन वह प्रक्रिया है जिसके तहत औद्योगिक गतिविधियों से उत्पन्न ऊष्मा-अवशोषित उत्सर्जन के कारण आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना अधिक तेजी से गर्म हो जाता है। जब वन नष्ट होते हैं, तो कम कार्बन अवशोषित होता है और जब शहर बढ़ते हैं, तो अधिक गर्मी बरकरार रहती है, जो वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करती है। समुद्री बर्फ का क्षरण और वैश्विक तापमान वृद्धि अप्रत्यक्ष रूप से अमेजन में वनों की कटाई के कारण होती है, जिससे कार्बन अवशोषण में कमी आती है। आर्कटिक क्षेत्र में ड्रिलिंग और बढ़ती समुद्री गतिविधियाँ समुद्री बर्फ के पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित करती हैं और प्रदूषण तथा गर्मी पैदा करती हैं, जो स्थानीय तापमान में वृद्धि में योगदान करती हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की खोज के बाद आर्कटिक क्षेत्र में हुई तीव्र गति से इस तंत्र को और अधिक बल मिलने के परिणामस्वरूप ध्रुवीय बर्फ को अधिक क्षति पहुँची है।

## महाशिवरात्रि पर विशेष: शिवरात्रि है शिव से साक्षात्कार का महापर्व

आदि देव महादेव शिव सभी देवताओं में सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने एवं पापों का नाश करने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। वे आशुतोष है तो भोले शंकर भी है, एक ओर जन-जन के आदर्श है तो दूसरी ओर साधकों के साधक। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सत्यं शिवं सुन्दरम् के प्रतीक शिव और उनकी रात्रि, जन-जन के जागरण की महाशिवरात्रि प्रतिवर्ष फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाती है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से पार्वती के मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है, जो शिव से एकाएक होने की चरम साधना का उत्कर्ष है। इससे जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।



ललित गर्ग

शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की।

सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है।प्रयागराज में महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के पवित्र एवं चमत्कारी स्नान के साथ होगा।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रात 2 बजे डीएम एसएसपी पहुंचे राया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** शिवरात्रि पर्व पर गंगा जी से कावड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को देखने के लिए बीती रात्रि जिलाअधिकारी सीपी सिंह और डीआईजी शैलेश पांडे ने अलीगढ़ मथुरा मार्ग स्थित थाना राया क्षेत्र का निरीक्षण किया। रात्रि दो बजे के करीब दोनों जिले के उच्च अधिकारी राया कस्बा पहुंचे। वहां उन्होंने मथुरा जनपद के बॉर्डर हाथरस अलीगढ़ की सीमा पर व्यवस्था देखी। जिला अधिकारी सीपी सिंह ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि कावड़ियों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। डीआईजी शैलेश पांडे ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण और जाम की स्थिति पैदा ना हो उसके लिए पुलिसकर्मी पूरे सड़क मार्ग पर चौकस रहे। डीएमएसएसपी को अर्ध रात्रि में देख क्षेत्रीय थाना पुलिसकर्मी भौंचक्के रह गए। रात्रि 3:00 बजे तक दोनों अधिकारी सड़क मार्ग पर व्यवस्था देखते रहे।



# अत्याचार उत्पीड़न के खिलाफ 8 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** जनपद में नगर निगम क्षेत्र के टाउनशिप स्थित करनावल गांव में अनुसूचित जाति की ही बहन बेटियों की शादी के दौरान की गई जातीय पूर्वाग्रह से ग्रसित लोगों द्वारा मारपीट, जानलेवा हमला एवं बारातियों पर अत्याचार के विरोध में एवं आए दिन हो रहे कमजोर वर्ग एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार उत्पीड़न के खिलाफ 8 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी रितु सिरोही को सौंपा ' प्रदर्शन के दौरान जाति विरोधी, संप्रदाय विरोधी नारे लगाकर दोषी लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग । करनावल एवं जनपद मथुरा में आसपास के क्षेत्र में रेत माफिया, मिट्टी माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही। जाति आधारित हिंसा करने वालों पर कठोर कार्यवाही। सिरेला गांव थाना मांट में बघेल युवक की हत्या करने वाले हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग। अड़ींग थाना गोवर्धन में अनुसूचित जाति के युवक के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर।

जनपद में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग । साथ ही जनपद मथुरा में सार्वजनिक स्थलों,गली, सड़कों, मार्गो पर लगे जातीय विद्वेष फैलाने में सहायक साइन बोर्ड को तत्काल हटाने की मांग को लेकर खुला मांग पत्र सौंपा गया।करनावल घटना में राजीनामा का दबाव देने वालों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई की जाए ' इस मौके पर महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं सिद्धांत भाटिया ने संयुक्त रूप से कहां की मथुरा जनपद में कमजोर वर्गों, नारी जाति एवं गरीबों पर हो रहे अत्याचार जो बिगड़ती कानून व्यवस्था का सबूत है। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वालों को नैतिकता के आधार पर में इस्तीफा दे देना चाहिए।साथ ही अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि मथुरा जनपद में जातीय हिंसा और सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारा बिगड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई होनी चाहिए सार्वजनिक स्थलों पर लगे जाति विदेश फैलाने वाले बोर्ड अभिलंब हटाए जाएं। खुला मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में शास्त्री सी.बी विकल ,अजय सनवाल, कुणाल डागौर,सोनू हषार्ना, मुकेश सैनी, राज गब्बर, हरेंद्र कुमार, मुकेश नेताजी, एड विवेक कुमार,सुमित कुमार,सागर सिंह,रोहन प्रताप सिंह, विक्रम शर्मा, रमेश सैनी ,आकाश बाबू,शिवचरण सैनी, डॉ राजकुमार सैनी, रामवीर यादव, नरेश सर, विशाल शुक्ला आदि ।



# कोर्ट से राया ब्लॉक प्रमुख पद पर विजई घोषित हुई सावित्री देवी ने लगाया प्रशासन पर शपथ न कराने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** न्यायालय द्वारा बीती 4 फरवरी को राया ब्लाक प्रमुख पद पर सावित्री देवी को निर्वाचित (विजयी) घोषित किया गया था । इस संबंध में जिलाधिकारी को तत्काल शपथ दिलाने का आदेश दिया गया था जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने 10 फरवरी को शासन को पत्र लिखकर आदेश के अनुपालन की स्वीकृत शासन से मांगी गयी। उक्त पत्र के क्रम में शासन द्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत (प्रमुख तथा उपप्रमुख) का निर्वाचन और निर्वाचन विवाद निपटारा नियमावली 1994 के तहत नियम 43, 46, 47 के तहत उल्लखित प्रवधानों के तहत अविलम्ब शपथ दिलाने का 13 फरवरी को आदेश जारी किया लेकिन 20 दिन से अधिक का समय गुजर जाने के बाद न्यायालय व शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है।



पत्रकार वार्ता में सावित्री देवी ने सभी तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिला प्रसासन ने दो दिन के अन्दर शपथ नहीं करायी तो इस पूरे प्रकरण कोमुख्यमंत्री से मिल कर बताऊँगी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आमरण अनशन पर बैठने से भी पीछे नहीं हटूंगी ।

इस अवसर पर मौजूद पूर्व विधायक चौधरी प्रणत पाल सिंह ने कहा कि दूसरा पक्ष अन्य पार्टी का है सावित्री देवी और उनका पूरा परिवार प्रारंभ से ही भाजपाई रहा है।

# कृष्ण नगरी मथुरा में नेशनल सेमिनार मेरा भारत महान का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** महानगर में एक नेशनल सेमिनार "मेरा भारत महान गंगा जमुनी तहजीब का निशान" विषय पर ए. एच. एम. स्कूल की हसन होम लाइब्रेरी के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित की गई। इस आयोजन में दिल्ली, आगरा,सहारनपुर देवबंद, अलीगढ़ एवं झांसी विश्वविद्यालय के विद्वत जनों ने शिरकत की।

प्रोग्राम का प्रारंभ स्कूल के बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध उर्दू कवि अहमद अली बरकी आजमी के लिखित स्कूल तराने से किया। प्रसिद्ध लेखक एवं साहित्यकार प्रो. डॉ. जहीर हसन की पुस्तक मिर्जा गालिब और जॉन कीट्स का विमोचन आगरा से आए असिस्टेंट कमिश्नर जनाब अलीन कौसर साहब ने किया। लेखक ने अपनी पुस्तक का परिचय करते हुए कहा कि विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों की कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन एक ऐसा रुचिकर विषय है, जिसका आनंद न केवल लेखन बल्कि पाठकों को भी पूर्ण आनंद प्राप्त होगा। कमिश्नर ने कहा की डॉ. जहीर हसन की यह कृति उर्दू साहित्य के इतिहास में तो अमर हो चुकी है, विश्व साहित्य में भी यह स्थान प्राप्त करेगी। सबसे पहले दिल्ली से पधारी चश्मा फारूकी ने भारत देश की सभ्यता और संस्कृति में प्रेम और सद्भाव के महत्व को उजागर किया। बुंदेल विश्वविद्यालय से आए डॉ. मोहम्मद अयूब अंसारी ने अपनी शोध पत्र में भारत की गंगा जमुनी धरोहर की भूरी-भूरी प्रशंसा की। दिल्ली से पधारे डॉ. शफी अयूब, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से पधारे डॉ आसिफ अली, मेरठ से ही पधारे डॉक्टर इरशाद ने महाकवि गालिब को अपना विषय केंद्र बनाकर गालिब के उन काव्यगत गुना का वर्णन किया। सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा की प्रोफेसर डॉक्टर सादिया सलीम शम्सी ने अपना शोध पत्र उर्दू अदब में कौमियक जहाति के शीर्षक से प्रस्तुत किया जिससे सभी श्रोतागण ने पसंद किया।



हसन होम लाइब्रेरी के प्रबंधक डॉ. जहीर हसन बताया कि पुस्तकालय में लगभग 10000 पुस्तकों का संग्रह किया तथा 45 शिक्षितीय को उनके शोध कार्य में सहायता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शेख अकील अहमद ने भी विचार व्यकत किए। ए. एच. एम की प्रिंसिपल डॉ. नाहीद अख्तर ने आगंतुकों को धन्यवाद देते हुए अतिथियों के सम्मान में गुलदस्ता और एक मोमेंटो प्रस्तुत किया।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने दूध की डेयरियों पर छापामार की कार्यवाही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ बरसाना क्षेत्र में स्थित दूध की डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की गई। हाथिया गॉव बरसाना में संचालित कैलाश डेयरी पर छापामार कार्यवाही कर पनीर व घी का एक-एक नमूना, रूपनगर स्थित भोला डेयरी से पनीर का एक नमूना, बरसाना स्थित उमेश डेयरी से स्किम्ड मिल्क का एक नमूना संग्रहित किया गया।सचल दल में मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। दिनांक 25.02.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)।। धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार व दलवीर सिंह द्वारा शहर के होलीगेट, कोतवाली रोड, जवाहरगंज, कलेक्टर गंज बाजार में सघन निरीक्षण कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा के एक-एक नमूने संग्रहित किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा राया से मिश्रित दूध का एक नमूना तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा कोसीकलां मथुरा से कुट्टू का आटा व सिंघाड़ा का आटा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा मसानी बाईपास रोड से साबुत कुट्टू तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह द्वारा फरह से कुट्टू के आटे का एक नमूना लिया गया।उपरोक्त सभी खाद्य नमूनों को जॉच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।




महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस से अपील की जाती है कि कुट्टू, सिंघाड़ा का आटा, समां के चावल व साबुदाना की पैकेट आदि पर निर्माण व अवसान तिथि देखकर ही क्रय करें। अवसान तिथि निकल जाने के पश्चात खाद्य पदार्थों का उपभोग न करें। साथ ही समस्त खाद्य कारोबारकताओं को निर्देशित किया जाता है कि खुला कुट्टू का आटा का विक्रय न करें। जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय/भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

# प्रसिद्ध गायक माही बिखेरेंगे अपनी आवाज का जादू, मंगलायतन विश्वविद्यालय में गुरुवार को होगा स्टार नाइट का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में गुरुवार की शाम खास होने वाली है। विश्वविद्यालय द्वारा स्टार नाइट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह स्टार नाइट गीत, संगीत और मनोरंजन से भरपूर होगी। इस अविश्वमरणीय पल को यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, जिनमें भव्य मंच, आकर्षक रोशनी और बेहतरीन संगीत व्यवस्था को शामिल किया गया है। अथर्वा सांस्कृतिक उत्सव के तहत गुरुवार को आयोजित स्टार नाइट में लोकप्रिय गायक माही अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज का जादू बिखेरेंगे। उनके साथ संगीतकारों की टीम भी होगी जो अपने प्रदर्शन से माही के साथ इस रात को और भी शानदार बनाएगी।इंडियन प्लेबैक सिंगर शान के बेटे जादूगरी फेम सिंगर माही की आवाज के साथ झूमने के लिए विद्यार्थी खासे उत्साहित हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने बताया कि मंविवि विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अथर्वा सांस्कृतिक उत्सव के तहत स्टार नाइट जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह व परीक्षा परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने बताया कि अथर्वा उत्सव विश्वविद्यालय के गतिविधि कैलेंडर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव से राहत पाने और एक साथ आकर उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करता है।



गायक माही

# किसी भी समस्या या शिकायत के लिए स्थानीय सीडीपीओ के साथ ही जिला स्तर पर करें संपर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि शासन के निदेशानुसार जिले में 453 आंगनवाडी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रकिया ऑनलाइन पोर्टल के आधार पर की जा रही है, जिसमें अभ्यर्थी के इन्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक के प्राप्तांको के आधार पर चयन की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ के शाााासनादेश के के अनुसार इस प्रकिया में बीपीएल विधवा, बीपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता, बीपीएल अन्य, एपीएल विधवा, एपीएल तलाकशुदा या परित्याक्यता को नियमानुसार प्राथमिकता दी जा रही है।

> **जनसामान्य एवं अभ्यर्थियों को स्पष्ट किया कि भर्ती प्रकिया पूरी तरह से ऑनलाइन है इसमें किसी प्रकार के दलालों के चक्कर में न आएं**

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार चयनित एवं प्रथम वरीयता वाले अभ्यर्थियों को अंक पत्र सत्यापन के लिए विकासभवन बुलाया जा रहा है। उन्होंने जनसामान्य एवं अभ्यर्थियों को स्पष्ट किया कि भर्ती प्रकिया पूरी तरह से ऑनलाइन है इसमें किसी प्रकार के दलालों के चक्कर में न आएं।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या के लिए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ ही आप विकास भवन में स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के कमरा नम्बर 04 में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है एवं मोबाइल नम्बर 7007111146 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# किसान प्याऊ का पुनः निर्माण करा कर शुभारंभ सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह शहर कोतवाल देवपाल पुंडीर द्वारा किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** महानगर के भरतपुर गेट चौराहा स्थित पुलिस चौकी पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी की छोटी बहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी की स्मृति में आज बारहमासी किसान प्याऊ का पुनः निर्माण करा कर शुभारंभ सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह शहर कोतवाल देवपाल पुंडीर जी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी भरतपुर गेट चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा जी द्वारा किया गया सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी ने कहा किसान नेता पवन चतुर्वेदी की छोटी बहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी की स्मृति में इस प्याऊ का पुनः निर्माण कराया गया है वहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी सामाजिक कार्यों में रुचि रखती थी कहा मथुरा महानगर में जनता की सुविधा के लिए सभी समाजसेवी व्यापारी राजनेता आगे आकर ऐसे पूर्ण कार्य करें जिससे जनता को लाभ हो अब गर्मी शुरू होने वाली है मथुरा महानगर में जगह-जगह पीने के पानी की प्याऊ लगाई जाए गर्मी से पहले ही अपनी छतों पर पंछियों के लिए जल पात्र रखें भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा कृष्णापुरी चौराहा से लेकर डीग गेट चौराहा तक मथुरा वृंदावन नगर निगम को पानी के प्याऊ की व्यवस्था करनी चाहिए इस रोड से हजारों यात्री रोज निकलता है मथुरा महानगर में जगह-जगह पीने के पानी की प्याऊ लगने की बहुत ही आवश्यकता है मथुरा महानगर की जनता अपने पैसे से पानी खरीद कर पानी पीने को मजबूर है इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विजय गोयल भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी महानगर संयोजक असलम कुरैशी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चिरागुद्दीन कुरैशी फैजान कुरैशी राहुल कुरैशी तनवीर कुरेशी प्रेम सिंह कर्दम जितेंद्र प्रमुख रूप से मौजूद थे ।




**वार्षिकोत्सव** पांच दिवसीय उत्सव में खिलाड़ियों ने खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

# स्पोर्ट्स कोलोसियम व अथर्वा में प्रतिभागियों ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, मंगलायतन विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कोलोसियम व अथर्वा 2025 वार्षिकोत्सव में खेलों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम मची हुई है। जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को अपने खेल कौशल और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। पांच दिवसीय उत्सव में खिलाड़ियों ने खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों में अपना दमखम दिखाया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य व संगीत की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। स्पर्धात्मक माहौल में बेहतरीन प्रस्तुतियों पर दर्शकों द्वारा उत्साहवर्धन भी किया गया।प्रतियोगिता टेबल टेनिस बालक वर्ग सिंगल में नमन एवं डबल्स में अभिनव व आर्यन, बालिका वर्ग सिंगल में प्रतिज्ञा एवं डबल्स में प्रतिज्ञा व आयशा प्रथम। बैडमिंटन बालक वर्ग सिंगल में अनुज, डबल्स में प्रांजल व शहजाद एवं बालिका वर्ग सिंगल में उमरा, डबल्स में उमरा व सृष्टि प्रथम रही। वॉलीबॉल बालक वर्ग में डीसीईए एवं बालिका वर्ग में कृषि विभाग की टीम प्रथम रही। क्रिकेट में डीसीईए के टीम प्रथम रही। योगा में सिंगल में धीरज कुमार व माधवी एवं ग्रुप में डीसीईए व आईबीएमसी की टीम प्रथम रही। दौड़ 100 मीटर में अन्या व आशीष, 200 मीटर में प्रिया व देवेंद्र, 400 मीटर में पायल व अमरित, 800 मीटर में पूनम व शिवम, लंबी कूद में अपर्णा व संदीप, तश्तरी फेंक में आन्या व राहुल, गोला फेंक में सिद्रा व हर्षित, रिले दौड़ बालिका वर्ग में आईईआर व बालक वर्ग में डीसीईए की टीम विजयी रही।इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को एक दूसरे के साथ जुड़ने, सहयोग करने और अपने कौशल का जश्न मनाने का अवसर दिया। आयोजन डायरेक्टर छात्र गतिविधि डा. मनोज वार्ष्णेय, सांस्कृतिक कार्यक्रम डा. पूनम रानी, खेल डा. भारतेंदु चैहान व योग भावना राज के नेतृत्व में हुए। कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता, डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा, डीन रिसर्च प्रो. रविकांत, डायरेक्टर एडमिशन प्रो. सौरभ कुमार, डायरेक्टर आईक्यूएसी डा. राजेश उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।








**अलीगढ।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। व मंगलायतन विश्वविद्यालय में रस्सा खींच में भाग लेते प्रतिभागी। और मंगलायतन विश्वविद्यालय में खो-खो प्रतिभागी करती खिलाड़ी। **छाया:- बुलन्द संदेश**

# आज होगा शिवालयों में महा जलाभिषेक, डीएम व एसएसपी ने किया जलाभिषेक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई।** कुढफतेहगढ़ बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी शिवालयों में हर हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र में बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर तथा छाबड़ा स्थित झारखंड धाम शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर परदो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है` आज सुवह चार बजे भोरकाल से से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचने लगेगें और देर शाम तक जलाभिषेक का क्रम चलेगा। श्रद्धालु हरिद्वार, बृजघाट, राजघाट आदि स्थानों से कावंड में गंगा जल लाकर कांबड चढायेगे तथा पुष्प, प्रसाद,बेलपत्र, भांग,धतुरा, दूध तथा गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है श्रद्धालुओं को लाइनबद्ध तरीके से जलाभिषेक कराने के लिए बैरिकेडिंग बनाई गई है तथा मेला से बाहर वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग भी बनाई गई है। जलाभिषेक के दौरान मंदिर व मंदिर परिसर के वाहर तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगरानी रखी जाएगी। मेले में दुकानदारों द्वारा दुकाने लगाई जा चुकी है तथा झूले सर्कस आदि मनोरंजन के साधन भी मेले में तैयार है ।



बेरनी मंदिर में जलाभिषेक कर डीएम, एसपी व व्यवस्थाओं का जायजा लते, डीएम व एसपी

**जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने बेरनी मंदिर पहुंच व्यवस्थाओं को देखा**

डीएम राजेन्द्र पैंसिया व एसपी केके विश्नोई ने मंगलवार को बेरनी मंदिर पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा व्यवस्थाओं को देखा और मंदिर के आसपास साफ सफाई रखने को कहा मंदिर के निकट पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने ठेकेदार को मानक अनुसार सही से सड़क निर्माण करने को कहा। मन्दिर परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगे स्वास्थ्य कैम्प में मौजूद चिकित्सक से मरीजों की एंट्री के लिए रजिस्टर नही होने पर नाराजगी जताई और रजिस्टर रखने तथा रजिस्टर में मरीज की एन्ट्री करने के निर्देश दिए ।

# भोले के जयकारों के बीच शिवालयों पर जलाभिषेक आज,रहेगी कड़ी सुरक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/ सौंधन (अंकित गोस्वामी/ भूरे सिंह)।** जिले भर में आज, यानी बुधवार को महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों पर जलाभिषेक होगा। सभी शिवालय सज गए हैं। शिवभक्तों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं हैं। मंदिरों में बम-बम भोले और महादेव के जयकारे गूंजेंगे।

जिले भर के शिवभक्त बुधवार शाम हरिद्वार, ऋषिकेश से कांवड़ भरकर अपने अपने क्षेत्रों के लिए लौटे। दिनभर शिव भक्त कांवड़ियों का नगर से गुजरने का सिलसिला जारी रहा। महाशिवरात्रि को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। बुधवार को सुबह से ही मंदिरों की भीड़ जुटने लगेगी, जिसे देखते हुए मंदिर कमेटियों ने अपने स्तर से व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गईं। शहर के प्रमुख शिवमंदिर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिर को खूब सजाया गया है। जहां बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोले को जल, दूध, फल, मिठाई चढ़ाकर इच्छा पूर्ति की कामना करेंगे। पुलिस प्रशासन भी महाशिवरात्रि को लेकर अलर्ट है।



**इन मंदिरों में होगा जलाभिषेक**

संभल के पातालेश्वर महादेव मंदिर सरायतरीन
झारखंडी महादेव मंदिर गुमसानी
प्रकटेश्वर महादेव मंदिर फत्तेहपुर भाऊ
श्रीहरिबाबा बांध धाम स्थित शिव मंदिर गवां
प्राचीन शिव मंदिर मौलागढ़ चंदौसी
बड़ा महादेव शिव मंदिर चंदौसी
मूंछों वाला शिव मंदिर चंदौसी
सुभाष रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर चंदौसी
घटलेश्वर गेट स्थित शिव मंदिर चंदौसी
प्राचीन शिव मंदिर सादातबाड़ी
प्राचीन शिव मंदिर रतनपुर बेरनी
प्राचीन शिव मंदिर हिरौनी रजपुरा
श्रीपातालीश्वर मंदिर गुन्नौर
प्राचीन शिव मंदिर सिकरौरा खादर जुनावई
प्राचीन शिव मंदिर गणेशपुर हुल्काबाद मंदिर जुनावई
प्राचीन शिव मंदिर आटा

**बेलपत्र के साथ बेर, धतूरा चढ़ायेंगे भक्त**

संभल। शिवालयों में चढ़ाने को बेर की खरीदारी जमकर की जा रही है। शिव भक्तों ने भगवान शिव पर चढ़ाने के लिए बेर, धतूरा, बेलपत्र, प्रसाद आदि खरीदे। जिससे बुधवार को मंदिरों पर जलाभिषेक होगा।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के कड़े बंदोबस्त**

संभल। महाशिवरात्रि के मद्देनजर जिले में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समस्त शिवालयों पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। प्रमुख मंदिरों पर दरोगा व सिपाहियों को लगाया गया है। सीओ और थाना प्रभारियों को जलाभिषेक के दौरान अपने क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बम बम भोले के भजनों पर नाचे कावड़िया**

सौंधन। हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौटे कावड़ियों का गांव सौंधन में जगह जगह स्वागत कर उन्हें प्रसाद का वितरण किया गया। इस बीच डीजे पर बम बम भोले के भजनों पर कावड़ियों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान व्यवस्था में विजय बंसल, धर्मवीर सिंह, मक्खन यादव, छोटेलाल, गोपी यादव, प्रेम सिंह, रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे। चौकी प्रभारी सौंधन रईस अहमद भी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# उपमुख्यमंत्री द्वारा नेताजी पर अमर्यादित टिप्पणी से नाराज यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (सद्दाम खान)** । समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष एजाज अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रपति को जिलाधिकारी बरेली द्वारा ज्ञापन देते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा श्रद्धेय नेताजी के बारे में जो अमर्यादित टिप्पणी करने पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का कार्यकर्ता काफी आक्रोशित हैं श्रद्धेय नेताजी के विचारों ने हमेशा देश की एकता अखंडता भाईचारे को मजबूत किया है एजाज अहमद ने यह मांग की है कि जिस सदन में नेता जी पर गलत भाषा का प्रयोग किया है उसी सदन माफी मांगना पड़ेगा अगर माफी नहीं मांगते हैं तो मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का एक-एक कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन करेगा एजाज अहमद से बात करने पर उन्हें बताया कि श्रद्धेय नेताजी हमारे दिलों में रहते हैं नेता जी हमारे लिए एक विचार धारा है हम नौजवान उनके सम्मान में खून का एक-एक खतरा बहाने को तैयार हैं महासचिव संदीप मौर्य ने कहा कि नेताजी के सम्मान के लिए हम लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार है



ज्ञापन देने वालों में से जिला अध्यक्ष एजाज अहमद संदीप मौर्य महासचिव संजीव कश्यप हिमांशु राज रेहान खान शरीक जावेद रजा संभावित प्रत्याशी जिलापंचायत गौरव यादव गोविंदा यादव आकिब साहिल मोहित सौरव यादव शाहिद मिर्जा नाजिम खान कैफ समेत सैकड़ो यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया शिवालयों का निरीक्षण, लिया सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शिवालयों व जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं तथा कांवड़ यात्रा को लेकर थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत गांव सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव व थाना कुढ़फतेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बेरनी शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया तथा तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर में साफ सफाई रखने, सीसीटीवी कैमरे व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने, श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के लिए पर्याप्त बेरिकेडिंग की व्यवस्था किए जाने एवं कांवड़ियों के लिये की जाने वाली व्यवस्था तथा इसके अतिरिक्त पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी चन्दौसी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।




## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने संभल में जिला मुख्यालय बनने का क्या विरोध!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को तहसील परिसर की मुख्य गेट पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।मुख्यमंत्री के नाम एक समवोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा सभी क्षेत्र के केंद्र बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जिले का मुख्यालय बहजोई घोषित किया गया था जब से आज तक कार्य जिले का बहजोई में हो रहा था तथा सभी सरकारी आवास व कार्यालय के जगहो के बैनामे भी बहजोई की जमीनों के हुए थे और आज तक कार्य बहजोई में ही हो रहे है जिन जगहो के बैनामे हुए थे उन पर सरकारी आवास व कार्यालय आज कार्यरत है आज उत्तर प्रदेश सरकार केंद्र बिंदु को ध्यान में न रखते हुए जिले का संचालन सम्भल की ओर खींच रहे हैं जिससे सभी पदाधिकारी व जनता को संभल जाने में भारी दिक्कत होगी सम्भल के लिए अच्छे संसाधनों की कोई व्यवस्था नहीं हैं बहजोई ,चंदौसी में यातायात की उचित व्यवस्था है जिससे आमजन को आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी बहजोई के अंतर्गत पुलिस लाइन व जेल के लिए भी भूमि सरकार द्वारा खरीदी जा चुकी है ऐसे में यदि जिला मुख्यालय बहजोई से हटकर संभल स्थापित किया तो किसानों के साथ-साथ आम जनता को भी भारी दिक्कत होगी अगर उपरोक्त जिला बहजोई से हटकर संभल किया गया तो किसानों द्वारा आंदोलन किया जाएगा आंदोलन के दौरान यदि कोई घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में मौजूद रहे। रामप्रसाद मौर्या, संजीव राघव, सत्यम राघव, फेतह सिंह, रामपाल सिंह, सुरेश सिंह, लखपत सिंह, राहुल कश्यप, शैलभ शर्मा, प्रदीप दिवाकर, अजय कुमार, मंगल सैन सैनी, देशराज मौर्या, हरद्वारी, जितेन्द्र सिंह, आदेश राघव, ओमवीर सिंह, भीकम, सुमित, राघव आदि किसान मौजूद रहे।



# रैली निकालकर लोगों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र इकाई, के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ शिविर माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत डॉ विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र इकाई के नेतृत्व में ग्राम मौलागढ़ में आयोजित किए गए। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम को संपन्न करने के उपरांत नशे के विरुद्ध एक युद्ध शीर्षक के अंतर्गत पोस्टरों को लेकर ग्राम मौलागढ़ में एक रैली निकालकर ग्राम वासियों को नशे के विरुद्ध जागृत किया। रैली में स्वयंसेवकों ने 'नशा नाश की जड़ है भाई, इसका सेवन अतिशय दुखदाई', 'नशे को मिटाना है, हर घर को बचाना है, जैसे नारे भी लगाए। विद्यार्थियों ने ग्राम वासियों से संवाद स्थापित करते हुए नशे के नकारात्मक प्रभाव पर व्यापक रूप से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशा मुक्ति आंदोलन एवं उनके प्रभावों की जानकारी दी।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय मौलागढ़ का भ्रमण कर , प्रधानाध्यापक राजवीर के सहयोग से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतीकों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से अपने परिवार के सदस्यों को नशा न करने के लिए प्रेरित भी किया। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को उनके शैक्षिक क्रियाकलापों में सहायता की। राजवीर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । प्राथमिक विद्यालय में पुष्पा रानी, शाजिया, ममता, कंचन मौर्य, रीता कुमारी आदि उपस्थित रहे और सभी ने नशे के विरुद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम की सराहना की। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना की ध्येय गीत का गायन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। शिविर का संचालन स्वयंसेवक जमुना प्रसाद शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन स्वयंसेवक शिखर किशोर ने किया ।शिविर में जितेंद्र कुमार, शिविर सहायक का विशेष रूप से सहयोग रहा। शिविर में सत्यम पाठक, धीरेंद्र कुमार, अभिजीत सिंह, सुमित कुमार, जुबेर अली, कौशल कुमार, शिखर किशोर, अरुण शंखधर, रोहित कुमार, रामू, पीयूष शर्मा, हरवीर, नेपाल, विख्यात, जितेंद्र कुमार सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# राजा बेन के महल के भग्नावशेष से जुड़ा है बेरनी शिव मंदिर का इतिहास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई।** कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर का पुरातत्व महत्व पांचवी सदी का बताया गया है` बेरनी स्थित शिव मंदिर पर फाल्गुन मास व सावन मास की महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं तथा यहां शिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी किया जाता है

**संभल जिला में बेरनी स्थित शिव मंदिर का है पुरातत्व महत्व राजा बेन के नाम से ही पुकारी जाती है बेरनी**

` वर्ष 2009 में मंदिर के निकट राजा बेन के महल के भग्नावशेष (खेड़े) की एक किसान द्वारा खुदाई के दौरान विष्णु भगवान की चतुर्भुज रूप में एक मूर्ति निकली थी जिसको प्रशासन ने मंदिर स्थित एक कमरे में रखवा दिया था` मूर्ति मिलने के बाद बेरनी शिव मंदिर चर्चा में आया` वर्ष 2010 में तेज बारिश के दौरान तेज गरज चमक के साथ मंदिर धराशाई हो गया मगर मंदिर में मौजूद शिवलिंग को किसी प्रकार की क्षति नहीं होना ईश्वरीय चमत्कार माना गया` वर्ष 2011 में पुरातत्व विभाग आगरा के सहायक पुरातत्वविद आरके सिंह आये और शिव मंदिर पहुंचकर खुदाई में निकली मूर्ति का निरीक्षण किया तथा शिव मंदिर के मलबे में मिली ईटों को देखकर मंदिर का निर्माण पांचवी सदी का होना बताया`

**शिव मंदिर पर आसपास जनपदों से भारी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु**

बेरनी स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए आसपास मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, बदायूं, बुलंदशहर ,अमरोहा आदि जिलों से श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं` जलाभिषेक के दौरान भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा मेले में थाना पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया जाता है तथा मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से मंदिर परिसर व मेले की निगरानी की जाती है ।

**वर्तमान में तीसरी बार हुआ है मंदिर जीर्णोद्धार**

बेरनी स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार तीन बार हो चुका है` मंदिर के पुजारी सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि पहली बार राजा बेन के जमाने में ही मंदिर का निर्माण होने की जानकारी मिलती है दूसरी बार में रानी रामकली चंदौसी द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था तथा 2010 में मंदिर धराशाई होने के बाद तीसरी बार सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है ।

# रमजान माह पर साफ सफाई व बिजली व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को आल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड द्वारा उप जिला अधिकारी अधिशासी अधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायाब तहसीलदार ललिता देवी के माध्यम से शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में दिया गया जिसमें बताया गया कि आगामी 1 मार्च से उल मुबारक का महीना शुरू हो रहा है ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग घरों में मस्जिदों में कसरत से इबादत करते हैं और रोजे रखते हैं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड मांग करता है की नगर में सफाई व्यवस्था बिजली पानी का माकूल इंतजाम किया जाए सुबह 4 बजे से 10 बजे तक शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक नगर को बिजली कटौती मुक्त रखा जाए इसके अलावा सुबह 4 बजे से 6 बजे तक व शाम को 5 बजे से 9 तक पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखी जाए मस्जिदों के बाहर जो गंदगी है उसकी सफाई की जाए ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हाजी शाह आलम मंसूरी, हाफिज मतीन अशरफी, रियाज अहमद ,सभासद एम ए राणा, मोहम्मद मुजीब, परवेज आलम आदि लोग थे।




## जलाभिषेक — श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह कांवड़ियों के खानपान के लिये भंडारों का आयोजन किया गया

# महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ लेकर लौटे शिव भक्त, आज करेंगे जलाभिषेक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** पूरे देश में आज बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में शिवभक्त नगर एवं ग्रामीण आंचल से कांवड़ में गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए थे जो कि मंगलवार को वापिस लौटे। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह कांवड़ियों के खानपान के लिये भंडारों का आयोजन किया गया। बता दें कि नगर एवं आसपास क्षेत्रों से शिवभक्त हरिद्वार, नरौरा, राजघाट आदि स्थानों से कांवड़ भरकर लाते हैं और शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करते हैं जिसमें बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, सादातवाड़ी शिव मंदिर, मौलागढ़ स्थित शिव मंदिर, सीतारोड चन्दौसी स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर, रामबाग धाम मंदिर आदि प्रमुख हैं जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिये पहुंचते हैं। बता दें कि महाशिवरात्रि पर्व पर जहां बच्चे, बडे. एवं वृद्ध लोग कांवड़ लाते हैं और जलाभिषेक करते हैं वहीं महिलाओं की संख्या भी काफी रहती है।





# प्राइवेट स्कूल प्रबंधक कर रहे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, अधिकारी मौन, छात्रों की मां का आरोप प्रबंधक उसका हाथ पकड़कर ले गया कमरे में, दी धमकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मझगवां/बरेली।** मझगवां व्लाक के प्राइवेट स्कूल प्रबंधक भाजपा की योगी सरकार के आदेशों नियमों को ठेंगा दिखाने का काम रहे हैं। या यूं कहिए विभागीय नियमों को ठेंगा पर रखते हैं। इन प्राइवेट स्कूलों की मान्यता कम होने के बावजूद भी इंटर तक छात्रों को मनमाने ढंग से पढ़ाकर मनमानी फीस बसूल रहे हैं।

बरेली जिलाधिकारी से लेकर शिक्षा विभाग के किसी भी अधिकारी का शायद इनके अंदर कोई डर नहीं रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते खूब चांदी काटने में लगे हैं और विभागीय अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं। ताजा मामला मझगवां व्लाक के नौहारा हसनपुर स्थित कैकेई मदर पव्लिक प्राइवेट स्कूल का सामने आया है प्रहलादपुर के रहने बाले एक व्यक्ति ने थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर बताया उनके दो बच्चे एक लड़का लड़की कैकेई मदर पव्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र हैं। जिनकी परीक्षा चौबीस फरबरी से होनी थी। लेकिन स्कूल प्रबंधक ने उनके प्रवेश पत्र नहीं दिये।

एक हफ्ते से स्कूल प्रबंधक उन्हें टहलाता रहा था बाद में उसकी पत्नी जब प्रबंधक के घर टहलाने की बजह जानने पहुंची तो उसने बताया की उसके बच्चों के रजिस्ट्रेशन नहीं हुये हैं। छात्रों की मां ने कहा जब हमने बारह हजार रूपए पूरी फीस स्कूल में जमा कर दी तो आपके द्वारा ऐसा क्यों किया गया। आरोप है इस पर प्रबंधक आग बबूला हो गया और उसका हाथ पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा। और लोगों से बाहर जाने के लिए कहने लगा धमकाने लगा। आरोप है कि प्रबंधक की दबंगई के कारण उनके एक बेटा और बेटी का एक साल पूरा व्यर्थ हुआ है।

स्कूल प्रबंधक ने उनके बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। थाने में तहरीर देकर छात्र के माता-पिता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग है। ऐसा ही एक मामला मझगवां व्लाक के ही अमरोली स्थित अशोक आदर्श पव्लिक स्कूल से सामने आया है जिसमें प्रबंधक अशोक कुमार द्वारा कक्षा ग्यारहवीं के एक दलित छात्र का रजिस्ट्रेशन न करके उसका एक साल बर्बाद करते हुए उसके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। और प्रबंधक कार्यवाही से बचने के लिए लगातार झूठ बोल रहा है कह रहा कि छात्र का उसके यहां एडमिशन ही नहीं है जबकि छात्र के पास उसके स्कूल का फीस कार्ड है जिसमें कुछ फीस भी जमा है।

# यहां खुले आसमान के नीचे विराजे हैं तीनों लोक के स्वामी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** मेरठ पौड़ी हाइवे पर रामराज कस्बे के पास सैफपुर फिरोजपुर नामक स्थान पर भोलेबाबा का प्राचीन मंदिर है। यहां फाल्गुन मास में लाखों कांवड़िए भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए आते हैं।इस मंदिर की विशेषता है कि यहां भोलेनाथ खुले आसमान के नीचे विराजे हैं।इस अद्भुत मंदिर में आज तक कभी छत नहीं बन सकी। यहां के लोग बताते हैं कि जब कभी इस मंदिर पर छत डालने की कोशिश की गई तो यह टिक न सकी। फाल्गुन मास में इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए दूरदराज से लाखों श्रद्धालु आते हैं। शिवरात्रि पर यहां भव्य मेला लगता है। मान्यता है कि महाभारत काल में ऋषि दुवार्सा ने यहां कठोर तप किया था। महाभारत के युद्ध के समय कौरवों की माता गांधारी एवं पांडवों की माता कुंती दुवार्सा ऋषि के पास पहुंची थी।उसी समय आकाशवाणी हुई कि यहां शिवलिंग पर पहले फूल जो चढ़ाएगा, विजयी उसी को मिलेंगी। पांडवों की ओर से भगवान इंद्र ने आकाश से शिवलिंग पर फूलों की वर्षा की।यह भी बताया गया है कि मुगलकाल में यहां एक गाय आकर खड़ी होती थी,गाय के थनों से स्वत ही दूध निकलता था। यहां खुदाई की गई तो इस स्थान पर शिवलिंग मिला जिस पर गाय व त्रिशूल की आकृति बनी हुई थी।





## 27 फरवरी को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस में करेंगी जनसुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।**जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिलाओ के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानो को समाप्त करने, महिलाओ की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओ पर होने वाले अत्याचारो एवं अपराधो पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीडन की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 हिमानी अग्रवाल द्वारा 27 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी। पीडित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

# वेंकटेश्वरा लायंस बना ऐतिहासिक लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025 (एलएलसी टेन-10) का चैम्पियन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान में पिछले दस दिनों से लखनऊ में चली आ रही राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बाल क्रिकेट लीग लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025 (एलएलसी टेन-10) का ओवर आल चैम्पियन बनने पर वेंकटेश्वरा लायंस टीम का संस्थान परिसर में जोरदार स्वागत किया गया।इसके अलावा इस जीत से गदगद इनामी राशि दस लाख के साथ अलग से समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने पांच

- वेंकटेश्वरा परिसर में पहुचने पर खिलाडियों को ओपन जीप में बैठाकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर एवं पुष्प वर्षा कर आडिटोरियम तक ले जाया गया, जहाँ सारेगामापा मुम्बई के मशहूर सिंगर विजयप्रकाश के गानों की धुन पर विजेता टीम ने जमकर धमाल किया।
- लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में ब्रज वारियर मथुरा की टीम को 6 विकेट से रौंदकर एलएलसी टेन-10 क्रिकेट लीग -2025 की बादशाह बनी वेंकटेश्वरा लायंस की टीम को डिप्टी सी.एम. केशव मौर्य ने ट्राफी के साथ दस लाख की नगद पुरस्कार दिया

लाख रुपए टीम को अपनी ओर से प्रदान किये।मशहूर पार्श्व गायक विजय प्रकाश ने इस अवसर पर बालीवुड के एक से एक बढ़कर एक तराने पेश कर समारोह को यादगार बना दिया।समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने आई.पी.एस. अमित कुमार आनंद एवं प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी के साथ मिलकर विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया।लीजैण्ड लीग क्रिकेट -2025 के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बताया कि लखनऊ के ऐतिहासिक के.डी. सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दस दिनों चलने वाले दस-दस ओवर वाली इस लीजैण्ड लीग क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनके मुख्य चयनकर्ता पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा एवं इस लीग के कमिश्नर दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जोंटी रोड्स थे।इसके साथ ही हरभजन सिंह, क्रिस गेल, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, आदि विश्व के दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज में चीफ कोच / मेंटर की भूमिका में रहे।बेहद रोमांचक इस सीरीज में वेंकटेश्वरा के शेरों ने सेमीफाइनल तक कोई भी मैच ना हारने वाली ब्रज वारियर मथुरा को 6 विकेट से हराकर चैम्पियन ट्राफी-2025 अपने नाम कर ली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि के साथ मिलकर टीम को दस लाख रुपए, मैन ऑफ द सीरीज को चमचमाती निशान कार, 12 खिलाडियों को इलेक्ट्रॉनिक बाईक के साथ करोड़ों रुपए के इनाम प्रदान किये ` फाइनल में मशहूर सिंगर कैलाश खेर के गानों पर सभी टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम में झूमते नजर आये।संस्थान परिसर में वेंकटेश्वरा लायंस टीम के स्वागत समारोह में सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य टीम कोच अमन लिट, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, डा. राजेश सिंह, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. शिल्पा रैना, अरुण गोस्वामी, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. नीतू पंवार, डा. श्रीराम गुप्ता, डा. ओमप्रकाश, डा. आशुतोष, डा. टी.पी. सिंह, डा. राजवर्धन, डा. विश्वनाथ झा, डा. सर्वानन्द साहू, मारूफ चौधरी, सौमिक बनर्जी, तरुण काम्बोज, मेरठ परिसर से डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।






# भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने महत्वपूर्ण बैठक का किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (अताउल्लाह सैफी)।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह जी के निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष अजय त्यागी के नेतृत्व मैं सहारा फार्म हाउस हापुड़ रोड पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद मेरठ के विभिन्न स्थानों से आए लोगों को नियुक्ति पत्र देकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई, जिलाध्यक्ष अजय त्यागी ने कहा कि हमारे संगठन का काम किसी पार्टी या नेता गिरी का नहीं है हमारा काम किसान मजदूर युवा बेरोजगारी व समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना है हम सब संगठन के लोग साथ मिलकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का काम करेंगे, और समाज में हो रही बुराई के खिलाफ अपनी आवाज शासन और प्रशासन तक पहुंचाएंगे,हम सब हिंदू मुस्लिम जात बिरादरी ऊंच नीच से हटकर संगठन को मजबूत करेंगे, और राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह जी के कांधे से कंधा मिलाकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का काम करेंगे, बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों किसान हितों से जुड़े मुद्दों और संगठन की मजबूती के लिए रणनीतियां पर विस्तृत चर्चा की गई नव नियुक्त पदाधिकारी ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित प्रयास करने का संकल्प लिया ! बैठक में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष अजय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन, संगठन सदस्य अब्दुल कादिर, 75 वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद सुहैल, मीडिया प्रभारी मोहम्मद वासिद, व अधिक संख्या में नवनियुक्त युवा उपस्थित रहे !



# आयुक्त व जिलाधिकारी ने किया बाबा औघडनाथ मंदिर का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद व जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा बाबा औघडनाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया। उन्होने वहां बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली सुरक्षा, स्ट्रीट लाईट, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, चिकित्सा कैम्प आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त व जिलाधिकारी ने बाबा औघडनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## 31 मार्च तक समस्त निर्माण श्रमिक योजना का आवेदन एवं श्रमिक नवीनीकरण अवश्य करा लें: सहायक श्रमायुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** सहायक श्रमायुक्त मेरठ क्षेत्र मेरठ अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि श्रम विभाग उ0प्र0 के अधीन उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अंतर्गत निर्माण से संबंधी 40 प्रकार के श्रमिको का पंजीयन,नवीनीकरण व योजना का ओवदन जन सेवा केन्द्र के माध्यम से किया जाता है। पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जो 09 फरवरी 2024 से वेबपोर्टल बंद होने के कारण श्रमिक नवीनीकरण, योजना के आवेदन नहीं कर पाये तथा योजनान्तर्गत प्राविधानित समय-सीमा पोर्टल बंद होने की अवधि में समाप्त हो गई है, उन्हें श्रमिक नवीनीकरण एवं योजना ओवदन हेतु 31 मार्च 2025 तक छूट प्रदान करते हुये वेबपोर्टल पर प्रावधान कर दिये गये है।अतः ऐसे समस्त निर्माण श्रमिक 31 मार्च 2025 तक योजना का आवेदन एवं श्रमिक नवीनीकरण अवश्य करा लें। 31 मार्च 2025 के उपरांत किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी न ही इस संबंध में किए गए किसी भी दावे को मान्य किया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में

### अवैध कट चिन्हित कर पूर्णतः किये जाये बंद-जिलाधिकारी

सडक सुरक्षा के संबंध में रखे गये प्रकरणो पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुल 19 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि हेल्मेट लगाये जाने/जनजागरूकता के संबंध में शासन से प्राप्त पत्र के क्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी दिये गये निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये।अपर जिलाधिकारी नगर व जिला पूर्ति अधिकारी संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करें कि पैट्रोल पम्प पर हेल्मेट के संबंध में दिये गये निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो रहा है, उन्होने कहा कि जो भी पैट्रोल पम्प दिये गये निदेशों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मार्गों पर अवैध कट चिन्हित कर पूर्णतः बंद कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। गढ रोड पर सडक मरम्मत, गडढे आदि के संबंध में लगातार शिकायते प्राप्त होने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग कार्यवाही सुनिश्चित करें। सडक मरम्मत और गडढो के कारण यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित फर्म जिम्मेदार होगी तथा उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जनपद में चिन्हित किये गये ब्लैक स्पोट के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही हुई है, रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जेलचुंगी चौराहे पर और क्या सुधार किया जा सकता है, अधिकारियो से विस्तृत चर्चा की तथा अपर जिलाधिकारी नगर, नगर निगम, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सडक सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अगली बैठक से पूर्व समस्त संबंधित विभाग अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह,जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# फाइनल में डॉक्टर लीजेंड व मीडिया 11 आज होगी आमने सामने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लावड़।** मंगलवार को नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हाजी मौहम्मद अली व हाजी जावेद ने फीता काट कर किया। पहला मैच कॉरपोरेट 11 व डॉक्टर लीजेंड के बीच खेला गया। कॉरपोरेट के बल्लेबाजो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 124 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर लीजेंड की शुरूआत अच्छी रही। डॉक्टर लीजेंड ने 12.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया।

वहीं दूसरा मैच मीडिया 11 व जनसेवा किंग के बीच खेला गया। मीडिया 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 144 रनों का मजबूत लक्ष्य बनाया। ताज मौहम्मद व मास्टर आशू ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पावर प्ले के 5 ओवर में 60 से अधिक रन बना डाले। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जनसेवा किंग की शुरूआत अच्छी नहीं रही। जनसेवा किंग 15 ओवर में 116 रन ही बना सकी। मीडिया 11 के गेंदबाज आजम रिजवी ने तीन ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। मीडिया 11 की टीम ताज मौहम्मद, आशू सर की बल्लेबाजी व आजम रिजवी की गेंदबाजी से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आजम रिजवी को दिया गया। फाइनल में डॉक्टर लीजेंड व मीडिया 11 आज आमने सामने होगी। इस मौके पर साईम रिजवी, मीडिया 11 के कप्तान मौ रविश, डॉ इकबाल मलिक, नेता शमशाद, डॉ खुशनसीब, मोहन सैनी, नायाब रिजवी, साजिद जैदी, अनिल फौजी, यादराम जाटव, अमित बॉक्सर, आरिफ कुरैशी, जर्रार सैफी, शरद गुप्ता, मौ रय्यान, मोहित शर्मा, गौरव गुप्ता, कामिल सभासद, मुन्ना मुल्ला आदि मौजूद रहे।



# घर-घर रामायण अभियान: रामायण पाठ को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: अरुण गोविल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को घर-घर रामायण अभियान के तहत ग्राम श्यामपुर में गन्ना समिति के सभापति कुणाल चौधरी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सांसद अरुण गोविल ने ग्रामीणों में रामायण ग्रंथ वितरित की। जिसमें सांसद व जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने ग्रामीणों में रामायण ग्रंथ का वितरण किया।

कार्यक्रम में सांसद अरुण गोविल ने कहा कि घर-घर रामायण अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य पवित्र ग्रंथ रामायण को हर घर तक पहुंचाना है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं,बल्कि यह हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अभियान के माध्यम से हम समाज में नैतिक मूल्यों को पुर्न स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रामायण का अध्ययन केवल ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। हमें इसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यदि हम नियमित रूप से मंदिरों और परिवारों में संगठित होकर रामायण पाठ करें,तो यह हमारे समाज को संगठित और सशक्त बनाने में सहायक होगा। यह पहल हमारी नई पीढ़ी को यह संदेश भी देगी कि एकजुटता और नैतिकता हमारे समाज की नींव है। इससे परिवार और समाज की समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है। सांसद ने इस अभियान को आत्मीयता और एकता को बढ़ावा देने वाला बताते कहा कि रामायण पाठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो हमें अतीत से जोड़ती है और नैतिक मूल्यों का अनुसरण करने की प्रेरणा देती है। यह अभियान लोगों को आपसी प्रेम, विश्वास और संगठित जीवन का महत्व समझाने का माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के अंत में सांसद अरुण गोविल ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वह इस अभियान से जुड़ें और रामायण पाठ को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इससे न केवल परिवारों में सामंजस्य बढ़ेगा, बल्कि समाज भी सशक्त और संगठित होगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,अशोक बबली,जिला महामंत्री पुनीत गोयल,मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



**आयोजन** — संस्थान में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मत्रमुग्ध करते हुए शिरकत की

# जे0एम0एस0ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स,में हुआ विराट कवि सम्मलेन का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी) ।** स्थानीय जे० एम० एस० ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स ,हापुड़ के तत्वावधान में आज दिनांक 25 फरवरी 2025 को विराट कवि सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी, संस्थान के फॉउंडर चैयरमेन राकेश सिंघल, सचिव डॉ० रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक, डॉ ० आयुष सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ०) सुभाष गौतम, एम०एस० हेरिटेज स्कूल के चैयरमेन राम किशोर त्यागी, नामचीन कवि प्रोफेसर वागीश दिनकर, कवि विनोद पाल, कवि अवनीत समर्थ, कवि मोनू मधुकर त्यागी, कवि वैभव शर्मा, कवि विकास विजय त्यागी, आदि ने किया। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन करते हुए युवा कवि ० जे० एम० एस० ग्रुप के पुरातन छात्र कवि विकास विजय त्यागी ने बताया कि आज संस्थान में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मत्रमुग्ध करते हुए शिरकत की।

विख्यात कवियों के साथ साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत सदस्य ऋषिपाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख ममता तेवतिया, डी० एम० पब्लिक स्कूल के चैयरमेन जितेंद्र चौधरी, दिनेश विद्यापीठ के चैयरमेन अभिषेक त्यागी आदि का संसथान के फॉउंडर चैयरमेन श्री राकेश सिंघल, सचिव डॉ० रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक, डॉ० आयुष सिंघल ने जे० एम० एस० ग्रुप में जोरदार स्वागत किया। संसथान के चैयरमेन राकेश सिंघल ने बताया कि श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के मुखार बिंदु के उदबोधन से जे० एम० एस० ग्रुप का सभागार मत्रमुग्ध होकर काव्य पाठ के रसमय आनंद में भाव विभोर हो गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने भक्ति भाव एवं सनातन धर्म की महत्त्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा, संस्कार एवं गुणों का पाठ पढाया। विराट कवि सम्मेलन में पधारे कवियों ने देश भक्ति, हास्य, श्रंगार, वीर जैसे विषयों पर अपनी अपनी कविताओं का पाठ किया। संस्थान के सचिव डॉ० रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक डॉ० आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारा संस्थान कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के शुभागमन से एवं उनकी अभिव्यक्ति से हमारा संस्थान भक्ति भावमय हो गया हैं और सभी विद्यार्थी , प्राध्यापकगण ० स्टाफ सदस्य आचार्य प्रमोद कृष्णम जी का आशीष पाकर धन्य हो गए हैं। कवि सम्मेलन के दौरान निखिल त्यागी, सुधीर त्यागी, मदन त्यागी आदि ने भी प्रतिभाग किया। संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ०) सुभाष गौतम ने विराट कवि सम्मेलन में पधारें सभी अतिथिगणों, संस्थान के माननीय मेनेजमेंट तथा हापुड़ जनपद के हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक, आशीष पुंडीर एवं उनकी टीम का आभार प्रकट करते हुए संस्थान के प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, प्रशासनिक अधिकारी, मैनेजर एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा विराट कवि सम्मेलन को सफल बनाने में दिए गए सहयोग की सराहना की।





# शिव भक्तों का प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । देव नगरी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाने वाले कांवरियों का मंगलवार को नगर में पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया' महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर हजारों शिव भक्त अपने गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान कर गए। बुधवार को

**हजारों शिव भक्त आज करेंगे जलाभिषेक, नगर में आज निकलेगी बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा**

हजारों शिव भक्त यहां के प्रसिद्ध ढाकी एवं लाडलाबाद स्थिति शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे इससे पहले नगर में शिव भक्त भव्य शोभा यात्रा निकालेंगे। शिव भक्तों की सेवा के लिए नगर में अनेक स्थानों पर शिविर लगाए गए स्टेशन रोड स्थित श्री शिव भंडारा सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल शिविर में हजारों शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और शाम को आयोजित आरती में भाग लिया। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में






जलाभिषेक करने के लिए हजारों शिव भक्त हरिद्वार से पैदल चलकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच रहे हैं आज भारी संख्या में शिव भक्ति नगर में पहुंचे उनका एसडीएम, पुलिस क्षेत्र अधिकारी एवं नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया ' शिव भक्तों के ठहरने के लिए पीएम श्री विद्यालय में उचित व्यवस्था की गई हजारों शिव भक्तों को भोजन कराया गया और देर शाम को भव्य आरती का आयोजन किया गया' इस आयोजन में सुबोध चौधरी, आलोक वर्मा, सुरेश चौहान ,सोमपाल सिंह, अशोक कुमार जिंदल ,मोहित माहेश्वरी आदि शिव भक्तों की सेवा कर रहे हैं। हरिद्वार से पवित्र जल जाने वालों में महिलाओं की संख्या भी देखी जा रही है। आज पूरे दिन जय बम भोले के उद्धोष से पूरा नगर गूंज उठा।

## कुचावली सहकारी समिति प्रकरण: ऑडिट रिपोर्ट की आपत्तियों का होगा निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। तहसील की कुचावली बहुउद्देश्यीय ग्रामीण सहकारी समिति में हुए घोटाले के मामले में कैशबुक और रसीदों से मिलान के बाद असलियत सामने आएगी। इस मामले के आरोपी सचिव ने आत्महत्या कर ली थी लेकिन घोटाला निकलने पर परिजनों से वसूली की जाएगी। यह बातें एडीसीओ रमेश यादव ने कहीं।उन्होंने बताया कि समिति के घोटाले के मामले में 2013-14 से लेकर 2020 तक की ऑडिट रिपोर्ट मिली है। इस मामले में अभी घोटाले का आकलन करने के लिए कैशबुक और रसीदों का मिलान किया जाएगा। लगभग छह साल पहले घोटाला प्रकाश में आने पर विभाग ने छजलैट समिति के सचिव राघवेंद्र शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया था।कुछ दिन पहले सचिव ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने मूंढापांडे समिति के एक अन्य सचिव को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया था। आरोप है कि किसानों से पैसे लेकर उन्हें फर्जी रसीदें थमा दी गईं और रुपये समिति के खाते में नहीं जमा किए गए।अपर जिला सहकारी अधिकारी ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट की 74 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद पता चलेगा कि कितनी वसूली बाकी है। रिपोर्ट में सभी चीजें स्पष्ट नही हैं। पता चला है कि कैशबुक में आरोपी ने कुछ पैसा जमा भी किया था। इस मामले में अंतर निकाला जाएगा। इस कार्य में कम से कम 12 दिन का समय लगेगा। आरोपी की मौत होने के कारण अब कोई केस दर्ज नहीं होगा। घोटाले की रकम स्पष्ट होने पर परिवार से वसूली की जाएगी।

## बीएसए को देना होगा डीबीटी के सदुपयोग का प्रमाणपत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को ड्रेस, कॉपी-स्टेशनरी, जूता-मोजा के लिए 1200 रुपये डीबीटी किया जाता है। किंतु अभिभावक इसका सही प्रयोग कर रहे या नहीं। विभाग की ओर से इसका उपभोग प्रमाण पत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) सभी बीएसए से मांगा है।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने




वाले सभी डेढ़ करोड़ से अधिक बच्चों को यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्कूल बैग आदि के लिए सीधे उनके अभिभावकों के खाते में पैसा भेजा जाता है। अब जब नए सत्र 2025-26 की शुरूआत होनी है, उससे पहले विभाग ने सभी बीएसए से वर्तमान सत्र 2024-25 में दी गई धनराशि के सदुपयोग की जानकारी मांगी है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए से कहा है कि कक्षा एक से आठ तक के लिए छात्रों के अभिभावकों के खाते में पैसा भेजा गया है। इसका शत-प्रतिशत प्रयोग निर्धारित सामग्री खरीदने में ही किया जाना है।

## अली के लाल ने तेगे अली उठाई है तरही मंकबती मुशायरे का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। नगर के मौहल्ला कायस्तान स्थित नूर सिकन्दरी मंज़िल पर मुहिब्बाने सुखन नेटवर्क की जानिब से तरही मनकबती मुशायरे का आयोजन किया गया । मुशायरे के कार्यक्रम में मकामी शोअरा हजरात ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। उस्ताद शायर शकील साबरी सम्भली ने कहा खुलेगी आंख तो कर लेंगें हुर्मला से हिसाब, अभी तो हजरते असगर को नींद आई है, डॉ नाज़िम कुन्दरकीवी ने कहा वो लिख रहे हैं कसीदा रसूले अकरम का कलम में जिनके मोहब्बत की रोशनाई है, मेराजुल हसन बरकाती ने कहा अली के दर की गदाई भी क्या गदाई है है कुल औलिया ने विलायत यहीं से पाई है, इकरार इमरतपुरी ने कहा बुझा के रख देगी सारे यजीदियों के चाराग हवा हुसैन के रोजे को छू के आई है, कमर अली रजवी ने कहा, किसी यजीदी के आगे न सर झुकाओ कभी जमीने करबो बला से सदा यह आई है, गुलाम नबी अत्तारी ने कहा मकाम खुल्द में करबो बला से देख लिया। लबे बे शीर पे शायद हंसी यू आई है।




इनके अलावा कारी आरिफ अरकान असजदी आसिफ सुब्हानी ने भी कलाम पेश किए महफि ल की सदारत शकील साबरी सम्भली ने और संचालन कमर अली रजवी ने किया इस अवसर पर मुहम्मद हनीफ मोहम्मद फैजान मुहम्मद जीशान रेहान आदि मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की मंडलीय लैब तैयार, मार्च में खाद्य पदार्थों की जांच की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। खाद्य पदार्थों में मिलावट



की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की मंडलीय लैब मार्च में शुरू होने के आसार हैं। तीन दिन में कार्यदायी संस्था खाद्य सुरक्षा विभाग को भवन सौंप देगी। इसके बाद लैब स्थापित करने की कार्यवाही शुरू होगी। लैब बनने के बाद खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट 24 घंटे में मिलने लगेगी, जिससे मिलावटखोरों के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो सकेगी।रामपुर रोड स्थित गुलाबबाड़ी में 24 करोड़ की लागत से खाद्य सुरक्षा विभाग का तीन मंजिला भवन तैयार किया गया है। विभाग को भवन मिलने के बाद मुख्यालय से फर्नीचर मंगाया जाएगा। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के जिला व मंडलीय कार्यालय इसी भवन में शिफ्ट किए जाएंगे। फिर लैब में मशीनें आदि लगाई जाएंगी। लैब के अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती लखनऊ मुख्यालय से होगी। इसके लिए कागजी कार्यवाही जारी है। लैब स्थापित होने के बाद 24 घंटे में खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट मिल सकेगी और मिलावटखोरों पर कार्रवाई होगी।

## जिला अस्पताल में 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की अनुमति मिली, बिना डॉक्टरों के संचालन होगा चुनौती भरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। जिला अस्पताल में 100 बेड का सीसीयू बनाने की अनुमति शासन से मिल गई है। हालांकि, बिना डॉक्टरों के इसका संचालन चुनौती भरा होगा। जिला अस्पताल पहले ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। इस कारण 30 बेड के आईसीयू का संचालन तीन साल से नहीं हो पाया है।अब 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में ज्यादा संसाधनों की जरूरत होगी। हालांकि इसके निर्माण में ही अभी करीब दो साल लग जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि डॉक्टरों की तैनाती की अल जाएगी। फिलहाल चार डॉक्टर, एनेस्थेटिस्ट, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत नहीं हुई पूरी अस्पताल में 22 विशेषज्ञों समेत 35 डॉक्टरों के पद खाली हैं।स्वास्थ्य विभाग के पास वेंटीलेटर तो है लेकिन इलाज नहीं है। आईसीयू होने के बावजूद सांस के गंभीर मरीजों को मेरठ, दिल्ली के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। जिला अस्पताल में जनरल फिजीशियन के दो, चेस्ट फिजीशियन का एक, रेडियोलॉजिस्ट के दो, हृदय रोग विशेषज्ञ के दो, न्यूरो सर्जन का एक, एनेस्थेटिस्ट, मानसिक रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, ऑर्थो सर्जन, ईएनटी सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजिशियन के एक-एक पद खाली हैं।इसी तरह इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के दो व एमओ के तीन पद खाली हैं। वहीं सीसीयू के संचालन के लिए विभाग को कम से कम चार विशेषज्ञ डॉक्टरों, एनेस्थेटिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत होगी। जिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि सीएमओ के साथ समन्वय कर डॉक्टरों की समस्या को हल करेंगे। सीसीयू बनने के साथ डॉक्टरों की तैनाती के लिए शासन से अपील जाएगी।

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से क्रॉसरोड्स 4.0 में 156 स्टुडेंट्स रहे प्रतियोगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से क्रॉसरोड्स 4.0 में टिमिट बीबीए के स्टुडेंट्स- श्रृष्टि, हीरा कुमारी और दिव्यांशु की टीम- द

**टीएमयू की क्रॉसरोड्स में टिमिट की टीम विजेता**

एलकेमिस्ट विजेता रही। बीटेक- एफओई के अंश शर्मा, बीफार्मा के वैभव डंगवाल और बीटेक-एआई, सीसीएसआईटी की गोहिल्या प्रांजल प्रतीक की टीम- बिज ब्रेन्स ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डी फार्मा के हितेश भारद्वाज, प्रगुण गुप्ता और मुस्कान की टीम- एचएमपी वॉरियर और बीटेक- सीसीएसआईटी के तनु जैन, मनीष यादव और भूमिका जैन की टीम- शार्क ने बराबर अंक हासिल किए और संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। विजेता टीमों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति,




तार्किक सोच और समस्या समाधान कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे पूर्व टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके क्रॉसरोड्स 4.0 का फामेर्सी कॉलेज के एलटी में शुभारंभ किया। क्रॉसरोड्स 4.0 के निर्णायकों में नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी और असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. नेहा आनंद शामिल रहीं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच और निर्णय लेने की क्षमता भी आवश्यक है। क्रॉसरोड्स जैसी प्रतियोगिताएं स्टुडेंट्स को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों से परिचित कराने के संग-संग उन्हें नवाचार एवम् समस्या-समाधान में दक्ष बनाती हैं। प्रो. पंकज कुमार ने कहा, क्रॉसरोड्स जैसे कार्यक्रम छात्रों की उद्यमशीलता को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। क्रॉसरोड्स 4.0 न केवल एक प्रतिस्पर्धा है, बल्कि छात्रों के लिए सीखने का एक उत्कृष्ट अवसर है। उल्लेखनीय है, क्रॉसरोड्स 4.0 प्रतियोगिता में 52 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन छात्र शामिल थे। प्री और सेमीफाइनल के बाद शीर्ष 9 चयनित टीमों ने विभिन्न व्यावसायिक मुद्दों पर अपने-अपने समाधान प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन संचार कौशल, प्रस्तुति क्षमता, निर्णय की तर्क संगतता और समस्या-समाधान दृष्टिकोण के आधार पर किया गया। क्रॉसरोड्स 4.0 में कोर्डिनेटर्स- मणि सारस्वत, प्रांशी जादौन और सीटीएलडी ट्रेनर्स के संग-संग फामेर्सी के प्रिंसिपल प्रो. अनुराग वर्मा भी मौजूद रहे।

## डॉल्फिन पब्लिक स्कूल द्वारा धूमधाम से मनाया गया वार्षिक खेल दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। क्षेत्र के प्रसिद्ध




शिक्षण संस्थान डॉल्फिन पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक खेल दिवस के दौरान स्कूल के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल व ट्रॉफी आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। हाईवे स्थित एक फार्म हाउस के विशाल प्रांगण में आयोजित वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली, विशिष्ट अतिथियों ऋचा सूद, भाजपा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिक्षाविद नीरज त्यागी, स्कूल के चेयरमैन नीरज गर्ग तथा प्रधानाचार्या ऋतु गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण, मशाल लाइटिंग तथा गुब्बारे उड़ा कर किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताओं के अलावा विभिन्न गतिविधियों जैसे गणेश वंदना, लावणी, भांगड़ा, सैनोरिटा, पिरामिड, पैराशूट ड्रिल आदि प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विनोद जाटव वैशाली ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों के भीतर खेल भावना के विकास होने के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्कूल के चेयरमैन नीरज गर्ग गर्ग ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करने का ही उनके स्कूल का उद्देश्य है। जिसमें शिक्षा प्रदान करने के साथ ही बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भी पारंगत करना शामिल है। इस दौरान सुपर मोम, सुपर डैड व सुपर कपल रेस भी आयोजित की गई। किड शेपर्स की टीम की प्रिया व विकास राणा का कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ सोनिका जैन, सीए राहुल जैन, जसमीत सिंह, अनूप्रीत कौर, हिमांशु सिंघल, डॉ अनुज अग्रवाल, भावना अग्रवाल, नीरज गुज्जर, गौरव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## बाल रोग विशेषज्ञ तैयार करने के लिए जिला अस्पताल में शुरू हुई डीएनबी की पढ़ाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ तैयार करने के लिए डीएनबी की पढ़ाई शुरू हो गई है। हालांकि, दो सीटों के सापेक्ष अभी तक एक ही छात्र ने ही दाखिला लिया है। नीट पीजी की अंतिम चरण की काउंसिलिंग जारी है। उम्मीद है कि जल्द ही दूसरी सीट पर भी दाखिला हो जाएगा।

डॉ. राजेंद्र कुमार ने छात्र डॉ. अभिषेक धनखड़ की क्लास शुरू की। पहले अध्याय के रूप में उन्हें इंट्रोडक्शन ऑफ पीडियाट्रिक्स पढ़ाया गया। प्रशिक्षु डॉक्टर को बच्चों में होने वाली बीमारियों व उनके लक्षण के बारे में बताया गया।

डॉ. राजेंद्र ने बताया कि दूसरे विद्यार्थी के आने के बाद आईसीयू में प्रशिक्षण के लिए टीएमयू भेजा जाएगा। साथ ही आगे की पढ़ाई में जांच के आधार पर बीमारी का पता लगाने के बारे में बताया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। अधिकारियों ने मंदिरों और मेला स्थालों का दौरा कर व्यवस्थाओं को देखा है। साथ ही आयोजकों को पार्किंग और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए हैं। कांठ तहसील के प्रसिद्ध लाडलाबाद स्थित प्रकटेश्वर शिव मंदिर और छजलैट के ढाकी महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। इन दोनों स्थानों पर भारी संख्या में शिव भक्त पहुंचते हैं। यहां मेले भी लगाए जाते जाते हैं। जिनमें श्रद्धालु खरीदारी भी करते हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का




त्योहार है। इससे पहले पुलिस और प्रशासन सभी व्यवस्थाओं को पूरा कर रहा है। एसडीएम संत दास पंवार ने कांठ के लाडलाबाद स्थित प्रकटेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक की तैयारियों को देखा। यहां पर महाशिवरात्रि के दिन पार्किंग का विशेष ध्यान देने और सीसीटीवी कैमरों से मेले और जलाभिषेक पर निगाह रहने के निर्देश दिए। मंदिर की प्रबंध समिति और महंतों से भी पिछली जानकारियां ली गई। वहीं छजलैट के ढाकी स्थित प्राचीन महादेव मंदिर पर भी जलाभिषेक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दोनों स्थानों पर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर अनेक दुकानदार सामान लेकर पहुंच गए हैं ।

**मानदेय रोका** हाजिरी लगा गायब रहने वाले अनुदेशक राहुल वर्मा का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मानदेय रोका

# प्रधानाध्यापिका ममता अग्रवाल एवं कार्यालय सहायक प्रमोद सिंह को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। स्कूल में अपनी उपस्थित लगाकर गायब रहने वाले विकासखंड छजलैट के कंपोजिट विद्यालय कुडामीरपुर में कार्यरत अनुदेशक का राहुल वर्मा का मानदेय रोक दिया गया है। अनुदेशक स्कूल के समय में बेसिक शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा के साथ विद्यालयों का निरीक्षण करने की लिखित शिकायत की गई थी।

शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच कराई। जिसमें अनुदेशक के खिलाफ की गई शिकायत सही पाई गई। इस पर बीएसए ने अनुदेशक का अनुपस्थिति के दिनों का मानदेय रोकने के आदेश दिए है। साथ ही प्रधानाध्यापिका और कार्यालय सहायक खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा इकाई ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की थी जिसमें कहा गया था कि कंपोजिट विद्यालय कुडामीरपुर विकासखंड छजलैट में कार्यरत अनुदेशक राहुल वर्मा अपने विद्यालय में हाजिरी लगाकर खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा के साथ विद्यालयों का निरीक्षण करने चला जाता है।इसके अलावा वह निरीक्षण हो चुके विद्यालयों के शिक्षकों को धमकाता भी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष वीर सिंह और मंत्री त्रिवेंद्र कुमार ने शिकायत कर जांच की मांग की थी।इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट से करवाई गई। इसमें जानकारी मिली कि अनुदेशक अपने विद्यालय मेंउपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कर विकासखंड ठाकुरद्वारा के विद्यालयों और बीआरसी कार्यालय पर चला जाता था।

जांच आख्या में तथ्यों और फोटोग्राफ से शिकायत की पुष्टि हुई। इसके आधार पर बीएसए विमलेश कुमार ने अनुदेशक का अक्तूबर 2024 का सात दिन और नवंबर 2024 का दो दिन का मानदेय रोकने के निर्देश दिए।इसके साथ ही प्रधानाध्यापिका ममता अग्रवाल पर प्रशासनिक नियंत्रण, प्रबंधकीय दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन न करने और कार्यालय सहायक खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड छजलैट प्रमोद सिंह द्वारा भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करने के आरोप में दोनों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र दिया था जिसमें कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी' विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आज देर शाम बताया कि इस मामले में अन्य लोगों पर शीघ्र कार्रवाई होने वाली है ।

## भारत जोड़ो पार्टी का मनाया गया दूसरा स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली** । भारत जोडो पार्टी का स्थापना दिवस समस्त भारत के सभी राज्यों में जैसे कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, इत्यादि प्रदेशों में संपूर्ण भारत में स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें लगातार तीन दिन स्थापना दिवस को मनाया गया, भारत जोड़ो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर नासिर अली जी और अन्य प्रदेशों के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत जोडो पार्टी की स्थापना दिवस समस्त भारत में अपने-अपने ढंग से लोगों ने वह कार्यकताओं ने मनाया, जिससे साफ जाहिर होता है कि भारत जोडो पार्टी समस्त भारत में अपनी लोकप्रियता बनाने में कामयाब हुई है, भारत जोड़ो पार्टी भारत की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जो सबसे ज्यादा राज्यों में चुनाव लोकसभा में लड़ा और उसके बाद हर प्रदेशों में विधान सभा चुनाव लड़ती आई है, आज पार्टी को 02 वर्ष पूरे हुए हैं, मात्र इन्हीं 02 सालों में भारत जोड़ो पार्टी की लोकप्रियता एवं पार्टी के विचारधारा लोगों को पसंद आई जिससे यह भी जाहिर होता है, कि भारत जोड़ो पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो भारत को नई दिशा और ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर सकती है, और भारत की विश्व गुरू बना सकती है, आज भारत में ऐसी भी पार्टी हैं जो हमें बढ़ते हुए नहीं देखना चाहती है, हमारी पार्टी के लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशियों को जबरन नाम वापस लेन को मजबूर किया गया जम्मू कश्मीर और माहराष्ट्र और हरियाणा और झारखंड और उत्तर प्रदेश इत्यादि 10 प्रदेशों में, मगर पार्टी ने मजबूती ईमानदारी मेहनत से पार्टी के लोकप्रियता को बढ़ाया ओर आज सभी धमजातियों के लोग पार्टी में कार्य कर रहे हैं, भारत जोड़ो पार्टी जल्द ही कुछ नए मोर्चे बनाने जा रही है।



# उत्साह के साथ वाहन धारकों ने फ्यूल एफि शियेंट ड्राइविंग कंटेस्ट में किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** गेल इंडिया लिमिटेड, इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम जैसी पेट्रोलियम कंपनीयों के सह सहयोग से मारुति डिजायर पेट्रोल कार धारकों एवं टाटा एस एलसीवी वाहन धारकों की फ्यूल एफिशिएंट ड्राइविंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य फ्यूल एफिशिएंसी के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में जनता ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। संरक्षण क्षमता महोत्सव (सक्षम) के राज्य स्तरीय समन्वयक एवं राज्य प्रमुख इंडियन ऑयल श्री राजेश सिंह, गेल (इंडिया) लिमिटेड के आंचलिक महाप्रबंधक श्री अनुपम गंगोपाध्याय, श्री शैलेश सिंह (उपमहाप्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड), श्री अनिरुद्ध जमजूट (महाप्रबंधक, इंडियन ऑयल) एवं अन्य अधिकारी गणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राज्य प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक श्री राजेश सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ईंधन संरक्षण के आवश्यक बिंदुओं की ओर आगंतुकों का ध्यान खींचा, साथ ही ईंधन संरक्षण की शपथ भी दिलायी। तत्पश्चात प्रतिभागी वाहनों को झंडी दिखाकर 1090 चौराहे पर स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पम्प से प्रतियोगिता की शुरूवात की गई। वाहनो के लिए शहर के विभिन्न चौराहों पर चेक पॉइंट बनाए गए थे। इन चेक प्वाइंटों से लौटकर प्रतिभागियों ने अपने वाहनों का ईंधन औसत (माइलेज) दर्ज कराया, जिसके आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई। पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरण के साथ इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ।




# आरोप लगाना और भाग जाना, विपक्ष की आदत बन गई : चिराग पासवान

**पटना (आरएनएस)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को विपक्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ बोलने के आरोप लगाने पर पलटवार किया। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने क्या झूठ बोला है, यह बताएं। आजकल विपक्ष की आदत बन गई है कि झूठ बोलना और भाग जाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश की जनता यह सब बातें देखती है और उसी के आधार पर अपना फैसला करती है। एक झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री दिल्ली में थे, जो बड़े-बड़े वादे कर के आए थे, उनके साथ देश की जनता ने क्या किया, 10 साल के बाद दिल्ली की सत्ता से उन्हें बाहर कर दिया। इसी तरीके से अगर देश में कोई झूठ बोलता है तो लोकतंत्र में इतनी ताकत है कि उस व्यक्ति को अगले चुनाव में जनता अपना फैसला सुना देगी। उन्होंने कहा, अब यही पैमाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी है। इसका मतलब कहीं न कहीं पिछले तीन बार से वह अपनी बातों पर खरे उतरते हैं। आज की तारीख में प्रधानमंत्री मोदी के वादे, उनके वादों को पूरा करने की गारंटी है और यही कारण है कि आज तीसरी बार सत्ता में आए। यह कोई सामान्य बात नहीं है कि सरकार एक ही व्यक्ति की सरकार चुने। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि 90 के दशक में जिस तरीके से बिहार में एक के बाद एक गलत नीतियां लागू की गईं, भ्रष्टाचार की हदों को पार किया गया, परिणाम स्वरूप उसके बाद कभी इनका दल अकेले बहुमत में नहीं आ पाया। हमेशा इनको मुख्यमंत्री के लिए बैसाखी का सहारा लेना पड़ा। यह दशार्ता है कि झूठ उन्होंने बोला था। तीसरी बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री पद देना यह बताता है कि जनता ने उनके वादों पर मुहर लगाई है।



# बुलंदशहर में सैफी राब्ता कमेटी का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गंगेरुआ, बुलंदशहर (इरफान राही)।** ऑल इंडिया सैफी राब्ता कमेटी का ग्राम गंगेरुआ बुलंद शहर में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सैफी रत्न अवार्ड प्राप्त दिल्ली के वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर अली शेर सैफी ने की।







प्रोग्राम की शुरूआत मोहम्मद अहमद सैफी के जरिए कुरआन मजीद की तिलावत और नात शरीफ से हुआ। मंच संचालन पत्रकार इरफान राही ने किया और मेजबानी हामिद अली सैफी ने की । इस अवसर पर मंच पर सरपरस्त सरवर आलम, सदर एडवोकेट बाबर मुख़्तार सैफी, महासचिव हाजी के के नफीस सैफी, उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, चेयरमैन अनवार सैफी, विशिष्ट अतिथि कल्लू खान सैफी, इकबाल सैफी, मोबीन सैफी आदि मौजूद थे। इस अवसर पर मास्टर अली शेर सैफी ने राब्ता कमेटी के पदाधिकारियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि सामाज की फलाह व बहबूदी के लिए हमेशा काम करते रहें सैफी सरनेम को मिले 50 साल हो गए हैं, हमारे समाज की सभी संस्थाओं को चाहिए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बाई बैलेट चुनाव करवाएं । इस मौके पर सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। बुलंदशहर के डॉक्टर नासिर ने समाज की तरक्की के लिए सबको साथ आने का आवाह्न किया। सरपरस्त सरवर आलम सैफी ने राब्ता कमेटी के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि हमें गांव मोहल्ले कस्बे शहर जिले सबमें जाना होगा और समाज को कमेटी से जोड़ना होगा। इस अधिवेशन में जनरल सेक्रेटरी हाजी केके नफीस ने पूरे साल का लेखा-जोखा पेश किया और कमेटी की धीमी गति की कार्यशैली पर चिंता जताई और कमेटी में कुछ पदों पर बदलाव के सुझाव दिए। इसके बाद अधिवेशन में कार्यकारिणी की मौजूदगी में प्रस्ताव रखा और कमेटी के पदाधिकारियों की पोस्ट में कुछ बदलाव तय किए। जिसमें मोबीन सैफी को संस्था का नया कैशियर नियुक्त किया गया और सदर के लिए एडवोकेट बाबर मुख़्तार सैफी को दोबारा सदर बनाया गया है वहीं हामिद अली सैफी को संगठन मंत्री बनाया गया है वहीं दो नए सदस्यों को भी शामिल किया गया जिसमें बुलंदशहर के आरिफ सैफी और दिल्ली के इकबाल सैफी को एग्जीक्यूटिव मेम्बर के तौर पर लिए। नए पदाधिकारियों को शामिल करने के बाद नई चयनित कार्यकारणी निम्न प्रकार घोषित की गई

एड.सरवर आलम सैफी( पैटर्न)
एड. बाबर मुख्तार सैफी (सदर)
कैप्टन अब्दुल हफीज (उपाध्यक्ष) विकास
मुहम्मद इम्तियाज सैफी (उपाध्यक्ष) प्रवक्ता
मुहम्मद अहमद सैफी उपाध्यक्ष फंड व्यवस्था
अनवार अहमद सैफी उपाध्यक्ष संगठन, हाजी के के नफीस सैफी
-महा सचिव,मोबीन अहमद सैफी कोषाध्यक्ष
मुहम्मद इलियास सैफी ,सेकेट्री,मुहम्मद मुनव्वर सैफी सेकेट्री,मुहम्मद उमर सैफ, सचिव एड. मुहम्मद हनीफ सैफी,कानूनी सलाह कार , इरफान राही सैफी, मीडिया प्रभारी,नेता जी सलीमुद्दीन सैफी ,ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रचार मुहम्मद इमरान सैफी,ज्वाइंट सेक्रेट्री नूरुद्दीन सैफी, एक्जीक्यूटिव मेंबर,मुहम्मद आरिफ सैफी एक्जीक्यूटिव मेंबर। इस अवसर पर अब्दुल सत्तार सैफी, जाकिर सैफी , राहिल सैफी, अयान सैफी, साजिद सैफी, आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों को नये नये अवसर प्रदान करेगा स्कूल क्रिकेट संघ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** स्कूल क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल क्रिकेट संघ की एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी जिसमें संघ के सदस्य व पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संघ के अध्यक्ष अजय डोबाल ने बताया कि शहर में स्कूल क्रिकेट को बढ़ावा देना हमारा पहला कर्तव्य रहेगा हमें उम्मीद है कि हमारे इस प्रयास से हजारों किशोर खिलाड़ियों को नये नये अवसर प्रदान होगे। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निगहत खान लोधी ने कहा कि काफी समय से स्कूल क्रिकेट का आगे लाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन शहर की क्रिकेट संघ इसको अनदेखा कर रही थी इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि स्कूल क्रिकेट संघ का गठन अति आवश्यक है। जिसके मद्देनजर स्कूल क्रिकेट संघ का गठन कर लिया गया है। जिसके मद्देनजर स्कूल क्रिकेट संघ का गठन कर लिया गया है जल्द ही शहर के स्कूल को संघ से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जायेगा। स्कूल क्रिकेट संघ के चेयरमैन शहर की जानी मानी हस्ती ल ा ख न ा ऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ० नीरज जैन ने कहा कि इस संघ का गठन देश में पहले ही हो जाना था ताकि किशोर खिलाड़ियों को दिशा व दशा दोनो में काफी सुधार आता लेकिन देर आये दुरूस्त आये हमें उम्मीद है कि संघ शहर के क्रिकेट को बहुत आगे ले जायेगी। किशोर खिलाड़ियों को होने वाली हर बाधा को दूर करेगी। स्कूल क्रिकेट संघ के सचिव शानू काजमी ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं स्वयं एक खिलाड़ी व क्रिकेट प्रशिक्षक हूँ मैने ये महसूस किया कि लखनऊ जैसे बड़े शहर में स्कूल क्रिकेट का न होना अभिशाप था मगर तमाम खेल प्रेमियों व वरिष्ठ खिलाडियों से मुझे बहुत सहयोग मिला जिन्होंने मुझे इस संघ को गठित करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल क्रिकेट के लिए संघ ने एक कार्यक्रम तैयार किया है जिसके अनुसार समय समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रतिभावान खिलाड़ियों को चयनित कर समय समय पर उनके लिए कैम्प किये जायेगें उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का आभारी हूँ जिन्होने मुझे इस संघ के गठन की अनुमति प्रदान की।

संघ द्वारा शहर के तमाम मैदानों का निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए वार्ता जारी है। हमारा लक्ष्य है कि इस वर्ष ही ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्कूल क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा सके। प्रेस वार्ता के संघ के प्रमुख लोगों में रतिन चक्रवर्ती, आनन्द मणि जुगरा, अजय श्रीवास्तव, मो० शमीम, जोबिन जॉय, तौफीक अहमद, अजहर खान, ए०के० पाण्डेय, ओमनाथ पुरी मौजूद रहे।




# जिला व महानगर अध्यक्ष पद के चुनाव में देरी से कार्यकर्ताओ में मायूसी: जुबेर खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान) ।** बरेली की बिथरी विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रभारी जुबेर खान ने बताया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इन दिनों जिला व महानगर अध्यक्ष पद की घोषणा ना होने से कार्यकताओं में मायूसी है 12 जनवरी को लखनऊ में जिला व महानगर अध्यक्ष पद के दावेदारों का इंटरव्यू हुआ था डेढ़ महीने के बाद भी अभी इन पदों की घोषणा नहीं हो पाई है वही अन्य पार्टियों ने 2027 को ध्यान में रखते हुए अपनी अपनी तैयारियां तेज कर दी है पूरे प्रदेश में जनता कांग्रेस की तरफ देख रही है वहीं कांग्रेस अपने जिला व महानगर अध्यक्ष की घोषणा नहीं कर पा रही है ऐसे कैसे होगी कांग्रेस मजबूत यह सोचने का विषय है पार्टी के उच्च नेतृत्व को चाहिए कि वह जल्द से जल्द जिला व महानगर अध्यक्ष पद की घोषणा कर और विधानसभा 2027 के चुनाव की तैयारियां तेज कर दी जाए।



# आईटीएस डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस मनाया गया। इस मौके डेंटल ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को दांतों के स्वास्थ्य व मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरुक किया गया। इसके अलावा बीडीएस व एमडीएस के छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मिथ एंड फैक्टः मसूड़ों की बीमारी संस्करण विषय पर कोलाज मैकिंग का अयोजन किया गया। इसके अलावा गम्स द अनसंग हीरोज विषय पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इसके साथ ही छात्रों द्वारा मौखिक और पेरियोडोंटल स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लीडिंग टू हिलिंग विषय पर वीडियों रील बनाई गयी। चेयरमैन डॉ. आरपी चढ्डा ने सभी को बधाई दी।






# त्यौहारों से पहले एक्शन में आया नगर निगम, पेयजलापूर्ति को लेकर नगर आयुक्त ने अधीनस्थों के कसे पेच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** आगामी त्यौहारों रमजान, होली, ईद नवरात्र पर पेयजलापूर्ति को प्रभावी बनाने आगामी गर्मी में होने वाली पेयजल की किल्लत को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने जल निगम व जलकल विभाग के साथ समीक्षा करते हुए अभी से रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने साफ साफ लहजे में सहायक अभियंता जल अवर अभियंता जल और जल निगम के अधिकारियों को सभी नलकूपों, अवर जलाशयों की निगरानी, उनकी क्षमता और कार्यशीलता की निगरानी को गंभीरता से लेने की हिदायत दी है। त्यौहारों रमजान, होली, ईद नवरात्र पर पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने जलकल विभाग और जल निगम को अभी से पेयजल की किल्लत वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को प्रभावी बनाने वैकल्पिक पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा है। नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता जल पुष्पेंद्र सिंह को रमजान व ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की किल्लत को देखते हुए हर क्षमता की दो-दो अतिरिक्त मोटर पंप को जलकल विभाग के स्टोर में रखने के निर्देश दिए हैं ताकि मोटर खराब होने पर तत्काल अतिरिक्त मोटर का इस्तेमाल किया जा सके। मोटर पंप की मरम्मत हेतु चयनित एजेंसियों से तत्काल सभी खराब मोटरों की अभी से चेकिंग कराकर उन्हें ठीक कराया जाए। उदय सिंह जैन रोड स्थित जलकर प्राग़ण में लगे कवर की मोटर को बदलने का काम तत्काल प्राथमिकता पर किया जाए ताकि इस सीडब्ल्यूआर की परिधि में आने वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावी बनी रहे। नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक में शक्ति नगर गूलर रोड और शाह जमाल पंपिंग स्टेशन के सम्पवेल की अभी से सफाई कराये जाने के लिए कहा उन्होंने सभी नलकूपों पर प्रेशर गेज लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि जलापूर्ति के फ्लो की क्षमता का पता चल सके और सभी नलकूपों पर लगे बाईपास को अभी से मरम्मत कराया जाए ताकि जल प्रवाह की चेकिंग आसानी से की जा सके।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में रमजान, होली, ईद नवरात्र के साथ साथ ग्रीष्म ऋतु में होने वाली पेयजल की किल्लत को ध्यान में रखते हुए अभी से कार्य योजना तैयार की गई है सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।



**नाकाम** रेस्क्यू और ट्रेकुलाइज तो एक बहाना है पड़वे बांधकर बाघ को खिलाना है, 3 महीने से मचान पर बैठने की प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर और वन विभाग की टीम

# वन्य जीव निगरानी कार्यालय बना केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** कहीं बाहर से भटक कर रहमान खेड़ा संस्थान में लगभग 3 महीने पूर्व पहुंचे बाघ को पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा वन विभाग एड़ी चोटी का जोर लगा चुका है लेकिन आज तक वन विभाग बाघ को पकड़ने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है और वन विभाग अब तक सीसीटीवी कैमरे ड्रोन कैमरा, थर्मल ड्रोन और सीसीटीवी सर्विलांस सहित दो हथिनियों सुलोचना और डायना के माध्यम से बाघ वन्य जीव की निगरानी करने के अलावा कुछ नहीं कर सका है। इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के बजाय उसके मूवमेंट वाले इलाके में लगातार रेस्क्यू के नाम पर पड़वे बांधकर खिला रहा है अन्यथा इतने दिनों में दर्जनों मचान बनाने के बावजूद वन विभाग के डॉक्टर और टीम आज तक बाघ को ट्रेकुलाइज या रेस्क्यू क्यों नहीं कर पाए हैं? यह सबसे बड़ा सवाल है। वन विभाग दर्जनों बार यह बता चुका है कि बाघ के पग मार्ग बेलबाग के पास ही पाए जाते हैं बावजूद इसके वन विभाग बाघ को रेस्क्यू क्यों नहीं कर पा रहा है। वन विभाग के अनुसार खाबड़ लगाकर वन्य जीव को रेस्क्यू करने की कार्यवाही की जा रही है तथा शिकार किए गए स्थल पर लाइव सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी की जा रही है और आधुनिक ट्रैकिंग तकनीक एवं सीसीटीवी सर्विलांस का उपयोग किया जा रहा है इसके अलावा थर्मल ड्रोन के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। वन विभाग कहता है कि हथिनियों के माध्यम से जंगल में कांबिंग की जा रही है और सायं काल डॉक्टर एवं टीम द्वारा मचान पर बैठकर वन्य जीव की निगरानी की जा रही है। इस तरह साफ पता चलता है कि वन विभाग बाघ को पकड़ने के बजाय सिर्फ उसकी निगरानी कर रहा है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग बाघ पकड़ने के नाम पर सामान खरीद कर कमाई करने में जुटा है। बाघ पकड़ना तो दूर वन विभाग उसे देखकर अनजान बना हुआ है तथा वह आम आदमियों को कई बार दिखाई पड़ चुका है लेकिन वन विभाग केवल पग मार्ग ढूंढने और निगरानी करने के सिवाय अब तक कुछ नहीं कर सका है फिर भी उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे नाकाम अफसरों को इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन से क्यों नहीं हटा रही है। आसपास के गांवों में रहने वाले किसानों, बच्चों और महिलाओं के लिए बाघ अब ग्रामीणों का असली मित्र बन चुका है इसलिए गांव वालों की अब उसके बीच में रहने की आदत सी बन चुकी है क्योंकि वह लोग कब तक डर कर घर में बंद रहेंगे। जंगल में ही किसानों के खेत, बाग और कुछ अन्य चीजें उनकी आजीविका के साधन हैं। वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी आसपास के गांव में जागरूकता फैलाने के नाम पर लगातार लोगों के बीच में फोटो खींच कर टाइम पास करने के अलावा सही जानकारी गांव वालों तक भी नहीं पहुंच रही है।






मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267



आप सभी क्षेत्रवासियो को
महाशिवरात्री
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रूद्राक्ष त्यागी
अध्यक्ष, चौ0 ताराचन्द इंटर कॉलिज, हापुड़
सभासद, नगर पालिका परिषद, हापुड़




KIDZEE
NURTURING GEN-NEXT
ADMISSIONS OPEN
Session starting from April 2025
Registrations Open
PéNTEMiND
The Learning Minds
आप सभी को
महाशिवरात्री
की हार्दिक शुभकामनाएं
ZEELEARN
KidzeeIndia
kidzeeindia
kidzee.com
Gangapura Vivek Vihar, Hapur
Ph: 0122-2306840, 8979495366

आप सभी क्षेत्रवासियो को
महाशिवरात्री
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री सचिन सिंहल
प्रमुख कारोबारी एवं समाजसेवी




आप सभी क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ
Affiliation No. : 2132722
(A Name of Excellence Since 2015)
School Code . : 61109
DVP
DHANAURA
dinesh विद्यापीठ
(A Senior Secondary School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
SCIENCE (PCB/PCM)
Commerce
Art
ADMISSION FREE
ENGLISH MEDIUM
प्री नर्सरी से कक्षा 12 तक
SPORTS / CRICKET ACADEMY
सुविधाएं
प्रशिक्षित प्रधानाचार्या
B.Ed., M.Phil (English), Gold-Medalist
• अंग्रेजी उच्चारण की विशेष कक्षाएं।
• प्रशिक्षित अध्यापक एवं अध्यापिकायें।
• वॉलीबॉल कोर्ट।
• सुसज्जित कक्षायें।
• आधुनिक तकनीकी रूप से समृद्ध साइंस, कम्प्यूटर एवं मैथ्स लैब।
• आठ हजार से अधिक पुस्तकों वाली लाइब्रेरी।
• म्यूजिक एवं मल्टीपर्पज हॉल।
• बच्चों के शारीरिक विकास हेतु इनडोर एवं आउटडोर गेम्स।
• सम्पूर्ण कैम्पस में सी.सी.टी.वी. कैमरों की सुरक्षा प्रबन्ध।
• स्कूल बस में ग्रामीण अचलों तक विद्यार्थियों के लाने–जाने की सुविधा।
• स्वास्थ्य आधारित नियमित रूप से योग शिक्षा।
Chemistry Lab
Library
Computer Lab
Physics Lab
Biology Lab
dinesh विद्यापीठ
School Reception No. : 7248027000 -7599066077
Email : dineshvidhyapeeth@gmail.com
आवश्यकता है : PGT (All Subjects), TGT (All Subjects), PTI & PRT
पता : खसरा नं0 574, स्वर्ग आश्रम रोड, ग्राम धनौरा, जिला हापुड़